(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

फराह खान के निर्देशन ...8



सोमवार, 02 अगस्त 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 227 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## भारत के यूएनएससी की अध्यक्षता संभालने पर जयशंकर बोले– भारत हमेशा संयम की आवाज, संवाद का हिमायती बना रहेगा



नई दिल्ली। भारत के अगस्त महीने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) की अध्यक्षता संभालने के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि भारत हमेशा संयम की आवाज, वार्ता का पैरोकार और अंतरराष्ट्रीय कानून का समर्थक बना रहेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने इसे महत्वपूर्ण दिन बताया और दुनिया को लेकर भारत के दृष्टिकोण का वर्णन करने के लिए श्वसुधैव कुटुम्बकम (दुनिया एक परिवार है) का उल्लेख किया।

जयशंकर ने ट्वीट किया, अगस्त के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता संभालने के साथ हम अन्य सदस्यों के साथ सार्थक रूप से काम करने के लिए उत्सुक हैं। भारत हमेशा संयम की आवाज, संवाद का हिमायती और अंतरराष्ट्रीय कानून का समर्थक रहेगा। बागची ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत का कार्यकाल पांच श्स–सम्मान, संवाद, सहयोग, शांति और समृद्धि से निर्देशित होगा। भारत की अध्यक्षता का पहला कामकाजी दिन दो अगस्त होगा। भारत ने एक जनवरी को यूएनएससी के गैर स्थायी सदस्य के तौर पद दो साल का कार्यकाल शुरु किया। अस्थायी सदस्य के तौर पर यूएनएससी में भारत का यह सातवां कार्यकाल है। इससे पहले भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 1950–51, 1967–68, 1972–73, 1977–78, 1984–85 और 1991–92 में सदस्य रह चुका है। वैश्विक निकाय के लिए अपने चुनाव के बाद, भारत ने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए जिम्मेदार और समावेशी समाधानों को बढ़ावा देगा।

## फ्रेंडशिप डे पर राहुल गांधी का पीएम मोदी पर तंज, अंबानी–अडानी वाला वीडियो किया पोस्ट

फ्रेंडशिप डे पर तमाम लोगों ने अपने दोस्तों–मित्रों को बधाई दी। लेकिन इनमें से एक बधाई चर्चा का विषय बनी हुई है। असल में यह बधाई किसी ने अपने दोस्त को नहीं दी है, बल्कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मोदी सरकार को दी है। राहुल गांधी अक्सर सरकार पर व्यंगबाण छोड़ते रहते हैं। फ्रेंडशिप डे के मौके पर भी उन्होंने ऐसा ही किया है। रविवार को राहुल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कुछ



उद्योगपतियों के साथ दिखाते हुए उन्हें हैप्पी फ्रेंडशिप डे विश किया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इंस्टाग्राम पर यह वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो के साथ लिखा गया है, 'हम दो हमारे दो' की सरकार को हैप्पी फ्रेंडशिप डे। इस वीडियो में मशहूर फिल्म फ्रेंड्स का गाना बैकग्राउंड म्यूजिक के तौर पर इस्तेमाल किया गया है। गौरतलब है कि इससे पहले भी राहुल गांधी 'हम दो हमारे दो' नारे के साथ मोदी सरकार पर कई बार हमला कर चुके हैं। इसके जरिए राहुल गांधी केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हैं कि यह सरकार केवल देश के चार लोगों के लिए ही है। फरवरी में पहली बार इस्तेमाल किया था यह नाराः इस साल फरवरी में बजट सत्र के दौरान राहुल गांधी ने मोदी सरकार के खिलाफ पहली बार यह जुमला इस्तेमाल किया था। उन्होंने किसान कानूनों पर मोदी सरकार हमला करते हुए मशहूर फैमिली प्लानिंग का यह नारा इस्तेमाल किया था। राहुल गांधी ने कहा था कि केवल चार लोग देश में सरकार चला रहे हैं। सभी लोग यह जानते हैं कि कौन लोग हैं।

## सीएम योगी का आदेश, यूपी में स्कूल–कॉलेज खोलने की तैयारी करें

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कोरोना संक्रमण की सुधरती स्थिति को देखते हुए बेसिक, माध्यमिक, उच्च, प्राविधिक और व्यावसायिक शिक्षण संस्थानों को खोलने की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।



उन्होंने इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने शनिवार को टीम 9 की बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोरोना महामारी की दूसरी लहर पर प्रभावी नियंत्रण बना हुआ है। उत्तर प्रदेश में हर दिन ढाई लाख से तीन लाख टेस्ट हो रहें हैं, जबकि पॉजिटिविटी दर 0.01 फीसदी तक आ गई है। अब तक साढ़े छह करोड़ कोविड सैम्पल की जांच की जा चुकी है। अलीगढ़, अमरोहा, एटा, हाथरस, कासगंज, कौशाम्बी, महोबा, मुरादाबाद और श्रावस्ती में अब कोविड का एक भी मरीज शेष नहीं है। यह जिले कोविड संक्रमण से मुक्त हैं। 55 जिलों में संक्रमण का एक भी नया केस नहीं पाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड की तीसरी लहर की आशंका देखते हुए सभी जरूरी प्रयास यथाशीघ्र पूरी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि गंगा एक्सप्रेसवे के लिए जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया बिना किसी विवाद के पूरी हो गई। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए किसानों, अधिकारियों की भूमिका सराहनीय रही।

## टीकों की कमी पर स्वास्थ्य मंती का राहुल गांधी को जवाब, कहा- सुना आपने भी लगवा लिया

देश में कोरोना वायरस टीके की कमी को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा भारत में जुलाई महीने में 13 करोड़ से अधिक टीके लगाए गए हैं। इस महीने इसमें और तेजी आने वाली है। इस उपलब्धि के लिए हमें अपने स्वास्थ्यकर्मियों पर गर्व है। अब तो उन पर और देश पर आपको भी गर्व होना चाहिए।श दरअसल, राहुल गांधी ने एक ट्वीट करते हुए कहा था कि जुलाई चला गया है, वैक्सीन की कमी नहीं गई। राहुल गांधी ने अपने ट्वीट के साथ एक वीडियो भी शेयर किया था जिसमें वैक्सीन की कमी को लेकर सोशल मीडिया और मीडिया में चल रही खबरों के बारे में बताया गया था। जिसमें जम्मू–कश्मीर, बिहार समेत कई राज्यों में टीके की कमी की बात कही गई है। भारत में जुलाई महीने में 13 करोड़ से अधिक टीके लगाए गए हैं। इस महीने इसमें और तेजी आने वाली है। इस उपलब्धि के लिए हमें अपने स्वास्थ्यकर्मियों पर गर्व है।



## सरकार का दावा– 80 प्रतिशत कम हो गए ट्रिपल तलाक के केस

### ओवैसी बोले- मुसलमानों को कबूल नहीं यह कानून

नई दिल्ली। तलाक, तालक, तलाक...और रिश्ता खत्म। इस सामाजिक बुराई के खिलाफ कानून बने आज दो साल पूरे हो चुके हैं। कानून को पूरी तरह प्रभावी बताते हुए मोदी सरकार ने कहा है कि ट्रिपल तलाक के मामलों में 80 फीसदी की कमी आ गई है और मुस्लिम महिलाओं को इसका फायदा हुआ है। वहीं, ऑल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने कहा है कि मुसलमानों को यह कानून मंजूर नहीं है और इससे महिलाओं की मुसीबतों में इजाफा ही होगा।

राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा, श्शप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनो वादों को पूरा किया।



अयोध्या में राममंदिर का मुद्दा सुलझ गया। अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी करके जम्मू–कश्मीर के लोगों को फायदा पहुंचाया गया। मरहम कानून खत्म किया गया, जिससे 3500 मुस्लिम महिलाएं बिना मरहम के हज पर गईं। नकवी ने कहा कि ट्रिपल तलाक पर कानून प्रभावी (1 अगस्त 2019) होने के बाद ट्रिपल तलाक के 80 फीसदी केस कम हो गए हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में इस कानून से पहले 63,000 केस दर्ज किए गए थे, लेकिन कानून लागू किए जाने के बाद इनकी संख्या गिरकर 221 रह गई। नकवी ने कहा कि बिहार में भी केवल 49 मामले सामने आए हैं। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने एएनआई से बातचीत में कहा, श्शयह कानून (ट्रिपल तलाक) असंवैधानिक है और सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा चुकी है। यह समानता के खिलाफ है और मुसलमानों को बुरा बताने वाला है। क्या मोदी सरकार केवल मुस्लिम महिला (अधिकार) दिवस मनाएगी? हिंदू, दलित और ओबीसी महिलाओं की सशक्तिकरण का क्या?श्श ओवैसी ने कहा कि इस कानून की वजह से मुस्लिम महिलाओं का और अधिक उत्पीड़न होगा और उनकी दिक्कतें बढ़ेंगी। केवल केस दर्ज किए जाएंगे, कोई न्याय नहीं होगा। जमीन पर मुसलमानों ने इसे स्वीकार नहीं किया है।

## यूपी में फिर महागठबंधन चाहते हैं अखिलेश?

### कहा- BJP से लड़ना है या समाजवादी पार्टी से, तय कर लें BSP-कांग्रेस



लखनऊ। समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को कहा कि उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव से पहले उनकी पार्टी के दरवाजे सभी छोटे दलों के लिए खुले हुए हैं और बीजेपी को हराने के लिए वे ऐसी सभी पार्टियों को साथ लाने की कोशिश करेंगे। पिछले चुनावों में गठबंधन सहयोगी रहीं पार्टियों कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की ओर एक बार फिर हाथ बढ़ाते हुए उन्होंने यह तय करने को कहा है कि वह किस पक्ष में हैं। अखिलेश यादव ने पीटीआई को दिए इंटरव्यू में कहा, श्शइन पार्टियों (बीएसप–कांग्रेस) को तय करना चाहिए कि उनकी लड़ाई बीजेपी से है या समाजवादी पार्टी से?श्श आगामी चुनाव में गठबंधन की संभावनाओं को लेकर समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष ने कहा, श्शसभी छोटे दलों के लिए दरवाजे खुले हुए हैं। कई छोटे दल हमारे साथ पहले से हैं और हमारे साथ आएंगी। यह पूछे जाने पर कि उनके चाचा शिवपाल यादव की पार्टी प्रगतिशील समाजवादी पार्टी भी सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है? अखिलेश यादव ने कहा, श्शहम कोशिश करेंगे कि सभी पार्टियां बीजेपी को हराने के लिए एकजुट हो जाएं।श्श ओम प्रकाश राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एबीएसपी) की अगुआई वाली भागीदारी मोर्चा, जिसमें असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम भी शामिल हैं, से जुड़े सवाल पर अखिलेश ने कहा, श्शअभी तक उनसे कोई बातचीत नहीं हुई है।श्श एसपी अध्यक्ष ने बीएसपी और कांग्रेस जैसी बीजेपी की विरोधी पार्टियों से भी यह तय करने को कहा है कि वे किस पक्ष में हैं और उनकी लड़ाई किस पार्टी से है। उन्होंने कहा, श्शइन पार्टियों को तय करना चाहिए कि उनकी लड़ाई किससे है। अखिलेश यादव ने पेगासस जासूसी को लेकर केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, श्शएनडीए के पास लोकसभा में 350 सीटें हैं। कई राज्यों में बीजेपी की सरकार है। क्यों और क्या सरकार जासूसी से निकालना चाहती है? इसके जरिए वे विदेशी ताकतों की मदद कर रहे हैं।श

## मणिपुर के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष गोविनदास कोंथूजाम ने थामा भाजपा का दामन

नयी दिल्ली। कांग्रेस की मणिपुर इकाई के पूर्व अध्यक्ष गोविनदास कोंथूजाम ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। राजधानी स्थित भाजपा मुख्यालय में मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह, राज्य के केंद्रीय प्रभारी संबित पात्रा और राज्यसभा सदस्य व पार्टी के मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में कोंथूजाम को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर बलूनी ने कहा, ''हम भाजपा परिवार में उनका स्वागत करते हैं।'' पात्रा ने कहा कि कोंथूजाम न सिर्फ मणिपुर, बल्कि समूचे पूर्वोत्तर का एक जाना–माना चेहरा हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काम से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। उन्होंने कहा, ''यह प्रधानमंत्री मोदी के विकास कार्यों पर मुहर है।'' मुख्यमंत्री बिरेन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा के कामकाज से मणिपुर की जनता बहुत प्रभावित है तथा वह भाजपा से जुड़ना चाहती है। कोंथूजाम ने इस अवसर पर कहा, ''पार्टी के लिए मैं पूरे मन से काम करूंगा और पार्टी का जो भी आदेश होगा, उसके अनुसार काम करूंगा। अगले साल विधानसभा चुनाव में भाजपा को पूर्ण बहुमत दिलाकर सत्ता में वापसी के लिए दिल लगाकर काम करूंगा। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों कोंथूजाम ने निजी कारणों का हवाला देते हुए मणिपुर कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।




## देश में कोरोना की तीसरी लहर ने दी दस्तक? केरल में कंप्लीट वीकेंड लॉकडाउन

तिरुवनंतपुरम। कोरोना की तीसरी लहर की आशंका के बीच केरल में कोविड–19 के मामलों में वृद्धि को देखते हुए रविवार को पूर्ण लॉकडाउन कर दिया गया है। केरल सरकार ने गुरुवार को 31 जुलाई से एक अगस्त तक पूर्ण लॉकडाउन की घोषणा की थी। तिरुवनंतपुरम और कोच्चि में सड़कें सुनसान रहीं और केवल आवश्यक वस्तुओं की बिक्री करने वाली दुकानों को ही खुले रहने की अनुमति दी गई। 1.54 लाख के सक्रिय मामलों के साथ केरल देश में कुल सक्रिय मामलों में 37.1 प्रतिशत का योगदान दे रहा है। पिछले 7 दिनों में यहां 1.41 की वृद्धि देखी गई है। राज्य में प्रतिदिन औसतन 17,443 मामले सामने आ रहे हैं। राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा कि छह जिले साप्ताहिक पॉजिटिव मामलों में 10 प्रतिशत से अधिक की रिपोर्ट कर रहे हैं। इससे पहले केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीणा जॉर्ज ने बताया कि शनिवार को राज्य में कोरोना वायरस से संक्रमण के 20,624 नए मामले आए जिन्हें मिलाकर राज्य में अबतक संक्रमित हुए मरीजों की संख्या 33,90,761 हो गई है। वहीं, पिछले 24 घंटों में 80 मरीजों की मौत के साथ राज्य में महामारी से जान गंवाने वालों की संख्या 16,781 तक पहुंच गई है। बता दें कि केरल में आज यानी 1 अगस्त को भी कंप्लीट लॉकडाउन है। केरल में बढ़ते मामलों के बीच, केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र (एनसीडीसी) के निदेशक डॉ. एस के सिंह की अध्यक्षता में छह सदस्यों की एक टीम भेजी है। केंद्र की टीम को कोविड–19 प्रबंधन के लिए प्रभावी सार्वजनिक स्वास्थ्य उपाय स्थापित करने में राज्य स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ सहयोग करने के लिए भेजा गया है। राज्य में कोविड–19 के मामलों में अचानक आई तेजी के बाद केरल गई छह सदस्यीय उच्च स्तरीय टीम दस जिलों का दौरा करेगी। शनिवार को टीम अलपुझा पहुंची थी। टीम राज्य के सबसे बुरी तरह प्रभावित, मुख्य रूप से दक्षिणी और उत्तरी जिलों का दौरा करेगी, जो अधिक मामलों की रिपोर्ट कर रहे हैं। एक अधिकारी ने न्यूज एजेंसी एएनआई को यह जानकारी दी है। अधिकारी ने कहा, ष्यात्रा के बाद 2 अगस्त को राज्य के मुख्य सचिव और विभिन्न अन्य विभागों के सचिवों के साथ एक ब्रीफिंग होगी। अन्य अधिकारी भी ऑनलाइन ब्रीफिंग में शामिल होंगे।ष






# मां के साथ स्नान करने गए 15 वर्षीय बालिका का पैर फिसल,डूब कर हुई मौत

करनैलगंज(गोंडा)। सरयू में मां के साथ स्नान करने गए 15 वर्षीय बालिका का पैर फिसल जाने के कारण वह नदी के गहरे पानी मे डूब गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बाराबंकी के गोताखोरो को बुला कर चार घण्टे की कड़ी मसक्कत के बाद शव को नदी से तलाश कर निकलवाया। सुबह करीब 4 बजे सरयु नदी में स्नान करने गई एक 15 वर्षीय किशोरी का पैर फिसल जाने से डूबने की खबर से हड़कम्प मच गया। जिसकी सूचना घाट पर नहाने गए लोगों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पहले स्थानीय गोताखोरो की मदद से बालिका की तलाश कराई मगर सफलता हाथ नही लगी। लोगों की भारी भीड़ घाट पर लग गई। बालिका के शव की तलाश में स्थानीय गोताखोरो के साथ बाराबंकी जिले से गोताखोरो को बुलाया गया। सरयू नदी के स्नान घाट कटरा घाट पर सुबह 4 बजे सीमा सिंह पुत्री स्व.जीत बहादुर सिंह मूल निवासी चौहान पुरवा बलमत्थर थाना परसपुर उम्र 15 वर्ष जो अपने परिजनों के साथ वर्तमान में करनैलगंज ग्रामीण अन्तर्गत मेंहदी हाता नचनी में रह रही थी। वह अपनी मां साधना सिंह के साथ नदी में स्नान करने गई थी। इसी दौरान नदी में नहाते वक्त उसका पैर फिसल गया और वह नदी की गहराई में चली गई । घटना की सूचना पुलिस को दी गई। जिस पर स्थानीय पुलिस व तहसीलदार करनैलगंज मौके पर पहुंच गए। प्रशासन द्वारा स्थानीय गोताखोरों के साथ ही बाराबंकी से गोताखोरो को बुलाकर उसकी तलाश शरू कराई। और काफी देर मशक्कत के बाद बाराबंकी व स्थानीय गोताखोरो ने शव को खोजकर नदी से बाहर निकाला। कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह का कहना है कि बालिका स्नान करने के लिए कटरा घाट सरयू नदी तक गई थी। नदी में बाढ़ का पानी अधिक होने के कारण उसका पैर फिसल गया वह पानी की गहराई में चली गई। जिसकी तलाश कराकर शव को निकलवाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# आजादी के 73 वर्ष बीतने के बाबजूद दबंगो ने नही छोड़ी चकरोड,दलित लाइन पार कर आते जाते है

गोण्डा ।सदर तहसील और विकास खण्ड पंडरी कृपाल का पंडरी कृपाल भंडहा का कोरियन पुरवा मजरे में 25–30 घर दलितों का है। इन 25–30 घरों के सैकड़ो लोग देश आजाद होने के 73 वर्ष बाद भी आजादी नही मिली है। इस गांव से नहर से गांव तक खड़ंजा तो आया है लेकिन दबंगो के दबंगई के कारण गांव से लगभग 300 मीटर दूरी पर खण्डजा रोक दिया गया है जबकि इस 300 मीटर में भी चकरोड गांव तक आया है। इस 300 मीटर चकरोड को पिछले प्रधानी में भी सड़क पाटने का कार्य दबंग द्वारा रोक दिया गया,जिससे गांव तक सड़क नही पहुच पाई है। जिसके कारण गांव में कोई चार पहिया या दो पहिया वाहन बारिश में नही पहुच सकती है।सड़क न होने के कारण यहाँ घुटने भर पानी भरा रहता है।इस वर्ष कुछ लोगो के प्रयास से जनवरी फरवरी में मुख्य विकास अधिकारी के अनुमति से विकास खण्ड से सड़क पास कर दी गयी और गांव के उत्तर दिशा से करीब डेढ़ सौ मीटर सड़क की पटाई भी हुई और जब गांव के दक्षिण तरफ लगभग 300 मीटर सड़क पटने की लेखपाल द्वारा नाप जोख कर चकरोड अलग कर दिया गया तो दबंगो ने यह कह कर सड़क पटने में रोक लगा दी कि लेखपाल ने सही नाप नही किया है जबकि नाप पैमाइस के दौरान सभी पक्ष मौजूद थे सहमति भी व्यक्त किये लेकिन बाद में नक्शा ही गलत बताने लगे।परेशान ग्रामीणो ने 26 जुलाई को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर चकरोड खाली कराने,ग्रामसभा की भूमि में लगे कीमती पेड़ ग्राम सभा की सम्पत्ति घोषित करने,श्मशान घाट की भूमि खाली कराने की मांग की है। जिलाधिकारी ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को टीम बना कर अतिक्रमित चकरोड को मुक्त कराने का निर्देश दिया है। पीड़ितों ने पत्र में कहा है कि दबंगो के चकरोड कब्जा कर लेने से हम लोगो के घर चार पहिया वाहन तक नही आ सकता है लड़की की विदाई हो या दुल्हन को विदाई कर घर लाना हो,किसी महिला को बच्चा जनने के लिये या किसी बीमार को अस्पताल ले जाना हो तो गोण्डा बलरामपुर लाइन को पैदल चारपाई पर लाद कर सात आठ सौ मीटर दूर ले जाकर, एंबुलेंस व अन्य वाहनों पर सवार होकर अस्पताल ले जाना पड़ता है।

# जमीनी विवाद में मारपीट के दौरान युवक की मौत

## पखवारे पूर्व युवक पर हुआ था जानलेवा हमला, पुलिस ने घटना को किया था नजरअंदाज

मिल्कीपुर–अयोध्या। इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत कुचेरा गांव के छत्तर पाठक का पुरवा में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट के दौरान 40 वर्षीय युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। हालांकि इनायतनगर पुलिस ने मामले में 5 लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तर पाठक का पुरवा निवासी राजू पाठक और नरेंद्र पाठक के बीच जमीनी विवाद को लेकर आए दिन मारपीट हुआ करती थी। बीते पखवाड़े पूर्व कुचेरा बाजार में राजू पाठक पुत्र स्वर्गीय हनुमान पाठक को नरेंद्र पाठक ने अपने साथियों के साथ सरेराह जमकर मारा पीटा था। मारपीट में राजू पाठक गंभीर रूप से घायल हो गया था। मौके पर पहुंची पीआरबी पुलिस टीम हमलावरों में से एक युवक को पकड़कर थाने भी ले गई थी किंतु इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक ने मामले में बिना कोई प्रभावी कार्यवाही किए ही आरोपी युवक को अभय दान दे दिया था। जिसका परिणाम रहा कि आरोपी पक्ष नरेंद्र पाठक सहित और उनके साथियों के हौसले बुलंद हो गए और बीते देर रात नरेंद्र पाठक ने अपने साथियों के साथ राजू के घर पर धावा बोल दिया। मामला इस कदर बढ़ गया कि दोनों पक्षों में जमकर लाठी–डंडे चलने लगे। मारपीट में 42 वर्षीय राजू पाठक एवं दूसरे पक्ष से नरेंद्र की पत्नी शोभावती पाठक उम्र करीब 60 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गई घटना की जानकारी के बाद ग्रामीणों ने आनन–फानन में एंबुलेंस बुलाकर गंभीर रूप से घायल राजू पाठक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर पहुंचाया सीएचसी के डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख राजू पाठक को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कुछ ही देर बाद इनायत नगर पुलिस थाने की सरकारी जीप से 60 वर्षीय महिला शोभावती को भी इलाज के लिए सीएचसी लेकर पहुंची। महिला को भी मारपीट में आई गंभीर चोटों के आधार पर सीएचसी के डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में घायल राजू पाठक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद गांव सहित क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पखवारे पूर्व राजू पाठक के साथ कुचेरा बाजार में दिनदहाड़े हुई हमले की घटना में इनायत नगर पुलिस प्रभावी कार्यवाही की होती तब शायद राजू की जान बच सकती थी। ग्रामीण राजू पाठक की मौत में जहां एक ओर उनके गांव के हमलावरों को कसूरवार ठहरा रहे हैं वहीं दूसरी ओर इनायतनगर पुलिस की कार्यशैली पर भी सवालिया निशान लगाते हुए पुलिस को घटना के प्रति जिम्मेदार बता रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार ने बताया कि मामले में मृतक के बेटे दिलीप कुमार पाठक की तहरीर पर 5 लोगों पेशकार, नरेंद्र, नकुल, सतीश और दूधनाथ के खिलाफ धारा 147, 148, 304, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है हालांकि मामले में भी किसी भी आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार ने बताया कि मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम गठित करते हुए गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

# कुलपति की अध्यक्षता में कार्यपरिषद की बैठक सम्पन्न

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन में .कुलपति प्रो0 रविशंकर सिंह की अध्यक्षता में कार्यपरिषद की बैठक हुई। बैठक में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत संचालित पाठ्यक्रमों में संविदा शिक्षकों के रिक्त पदों के सापेक्ष जैव तकनीकी, समाजशास्त्र, जैवरसायन, वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान महिला अध्ययन, एम०बी०ए० वित्त, बी०बी०ए० जनसंचार एवं पत्रकारिता, समाजकार्य, फाइन आर्ट्स, भूगर्भ शास्त्र, भू–भौतिकी, भूगोल, हिन्दी भाषा, भोजपुरी भाषा, अवधी भाषा, राष्ट्रीय एकात्मकता, डॉ० राममनोहर लोहिया अध्ययन केन्द्र, यौगिक विज्ञान, दर्शनशास्त्र एवं धर्म, कम्प्यूटर साइन्स तथा कम्प्यूटर एप्लीकेशन विषयों हेतु सम्पन्न चयन समिति की संस्तुतियों का अनुमोदन किया गया। बैठक में प्रो0 नीलम पाठक जैव रसायन विज्ञान विभाग, डॉ0 अनूप कुमार निदेशक प्रौढ़ सतत एवं प्रसार शिक्षा, डॉ0 सुरेन्द्र मिश्र, सहायक निदेशक प्रौढ़ सतत एवं प्रसार शिक्षा की परिवीक्षा अवधि समाप्ति के पश्चात स्थायीकरण से परिषद् को संसूचित किया गया। बैठक में कुशाग्र पाण्डेय पुत्र स्व० धीरज कुमार पाण्डेय एवं श्रीमती शिल्पी श्रीवास्तव पत्नी स्व० रोहित श्रीवास्तव की नियुक्ति मृतक आश्रित के रूप में कनिष्ठ सहायक के पद पर किए जाने से परिषद् को संसूचित किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय कीड़ा परिषद के पूर्व से लागू संविधान में संशोधन हेतु गठित समिति की संस्तुतियों के अनुमोदन पर विचार किया गया। इसके साथ ही कार्यपरिषद् की गत बैठक 25 जून, 2021 की कार्यवृत्त एवं परीक्षा समिति की बैठक दिनाँक 6 जुलाई, 2021 की कार्यवृत्त की पुष्टि की गई। बैठक में वित्त समिति की प्रस्तावित बैठक 26 जुलाई, 2021 की कार्यवृत्त तथा विद्यापरिषद् की बैठक 28 जुलाई, 2021 की कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। बैठक की कार्यवृत्त कुलसचिव उमानाथ द्वारा पटल पर रखा गया। बैठक में प्रो० अशोक मौर्या, प्रो० आशुतोष सिन्हा, डॉ० संग्राम सिंह, डॉ० सिन्धु सिंह, डॉ० इन्दुशेखर उपाध्याय, डॉ० जगदीश सिंह, प्रो० अरविन्द कुमार मिश्रा, प्रो० गोपालनाथ, डॉ० के०के० सिंह, प्रो० रवीन्द्र नाथ खरवार, डॉ० जगवीर सिंह, वित्त अधिकारी धनन्जय सिंह उपस्थित रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजबली यादव की पुण्यतिथि पर निकाली जायेगी जनसंदेश यात्रा

अयोध्या। अंग्रेजों भारत छोड़ो आंदोलन की वर्षगांठ एवं महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व पूर्व कम्युनिस्ट विधायक कामरेड राजबली यादव की पुण्यतिथि पर दिनांक 9 अगस्त 2021 ईस्वी को प्रेस क्लब अयोध्या फैजाबाद में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आयोजित की जा रही गोष्टी को सफल बनाने के लिए दिनांक 01 अगस्त 2021 ई, को कामरेड राजबली यादव स्मारक विद्यालय मड़ना के परिसर में स्थापित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद सभा करके भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कामरेड राजबली यादव जनसंदेश यात्रा निकालेगी, जिसका समापन 9 अगस्त 2021 ईस्वी को प्रेसक्लब फैजाबाद में होगा । इस संबंध में मया ब्लॉक स्थित दिलासीगंज पौसरा में एक बैठक बीबी यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक को मुख्य रूप से भाकपा के जिला सहायक सचिव रामजी राम यादव ने संबोधित करते हुए कहा कि कामरेड राजबली यादव महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उन्होंने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आजादी की लड़ाई में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया उन्हें कई तरह यातनाएं दी गई।देश आजाद होने पर वे तत्कालीन मया विधानसभा क्षेत्र से कम्युनिस्ट पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए।उन्होंने आजीवन सामंती उत्पीड़न व जुल्म के खिलाफ एवं गरीब, बेसहारा ,शोषित वर्ग के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनकी स्मृति में निकलने वाली जनसंदेश यात्रा लोगों तक उनके विचार पहुंचाने के लिए निकाली जा रही है, इसमें लोगों को बढ़–चढ़कर भारी संख्या में शिरकत करनी चाहिए। बैठक में रामनिहाल यादव,मनीराम यादव, जनार्दन यादव, ब्रह्मादीन,राम धीरज यादव, रवि मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद थे। बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार कामरेड राजबली यादव जनसंदेश यात्रा मड़ना गांव से शुरू होकर रामपुर पुवारी,विसवल, दोस्तपुर, आलापुर, काजीपुर (मांझा)जजवत, दिलासी गंज, मानापारा,अदमापुर, रामपुर पुवारी होते हुए समन्था पहुंचेगी जहां रात्रि विश्राम करने के बाद दूसरे दिन सुबह फिर यात्रा शुरू होगी।

# आजादी के 73 वर्ष बीतने के बाबजूद दबंगो ने नही छोड़ी चकरोड,दलित लाइन पार कर आते जाते है

गोण्डा। सदर तहसील और विकास खण्ड पंडरी कृपाल का पंडरी कृपाल भंडहा का कोरियन पुरवा मजरे में 25–30 घर दलितों का है। इन 25–30 घरों के सैकड़ो लोग देश आजाद होने के 73 वर्ष बाद भी आजादी नही मिली है। इस गांव से नहर से गांव तक खड़ंजा तो आया है लेकिन दबंगो के दबंगई के कारण गांव से लगभग 300 मीटर दूरी पर खण्डजा रोक दिया गया है जबकि इस 300 मीटर में भी चकरोड गांव तक आया है। इस 300 मीटर चकरोड को पिछले प्रधानी में भी सड़क पाटने का कार्य दबंग द्वारा रोक दिया गया,जिससे गांव तक सड़क नही पहुच पाई है। जिसके कारण गांव में कोई चार पहिया या दो पहिया वाहन बारिश में नही पहुच सकती है।सड़क न होने के कारण यहाँ घुटने भर पानी भरा रहता है।इस वर्ष कुछ लोगो के प्रयास से जनवरी फरवरी में मुख्य विकास अधिकारी के अनुमति से विकास खण्ड से सड़क पास कर दी गयी और गांव के उत्तर दिशा से करीब डेढ़ सौ मीटर सड़क की पटाई भी हुई और जब गांव के दक्षिण तरफ लगभग 300 मीटर सड़क पटने की लेखपाल द्वारा नाप जोख कर चकरोड अलग कर दिया गया तो दबंगो ने यह कह कर सड़क पटने में रोक लगा दी कि लेखपाल ने सही नाप नही किया है जबकि नाप पैमाइस के दौरान सभी पक्ष मौजूद थे सहमति भी व्यक्त किये लेकिन बाद में नक्शा ही गलत बताने लगे।परेशान ग्रामीणो ने 26 जुलाई को जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर चकरोड खाली कराने,ग्रामसभा की भूमि में लगे कीमती पेड़ ग्राम सभा की सम्पत्ति घोषित करने,श्मशान घाट की भूमि खाली कराने की मांग की है। जिलाधिकारी ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट को टीम बना कर अतिक्रमित चकरोड को मुक्त कराने का निर्देश दिया है। पीड़ितों ने पत्र में कहा है कि दबंगो के चकरोड कब्जा कर लेने से हम लोगो के घर चार पहिया वाहन तक नही आ सकता है लड़की की विदाई हो या दुल्हन को विदाई कर घर लाना हो,किसी महिला को बच्चा जनने के लिये या किसी बीमार को अस्पताल ले जाना हो तो गोण्डा बलरामपुर लाइन को पैदल चारपाई पर लाद कर सात आठ सौ मीटर दूर ले जाकर, एंबुलेंस व अन्य वाहनों पर सवार होकर अस्पताल ले जाना पड़ता है।

# छत में लगे पंखे से लटकता मिला गर्भवती महिला का शव

मवई–अयोध्या। मवई थाना क्षेत्र के मवई चौराहा पर स्थित एक मकान में गर्भवती विवाहिता का शव पंखे के हुक में लटकता हुआ पाया गया।सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव तथा हल्का एस आई कर्मवीर सिंह मौके पर पहुंचे।नायब तहसीलदार की उपस्थिति में शव को नीचे उतार कर पी एम के लिये भेज दिया। फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की।मैके वालों ने दहेज के लिये हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी।बाराबंकी जिले के थाना सफदरगंज के ग्राम सेमरी के स्व0 वंशराज की लड़की रीना वर्मा 24 वर्ष की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व राम किशोर वर्मा के लड़के अनिल वर्मा से शादी की थी। रीना वर्मा की माँ पिंकी वर्मा ने बताया कि हैसियत के मुताबिक दान दहेज भी दिया था। शाम को रीना वर्मा ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर पंखे में साड़ी का फंदा बांध कर लटक गई।रीना का पति जब वापस घर पहुंचा तो देखा कि अंदर से दरवाजा की कुंडी बन्द थी।सूचना डायल 112 पर की।सूचना पाकर पी आर बी ओ 0946 के प्रभारी साजिद खान मौके पर पहुंच कर किसी प्रकार कुंडी तोड़ कर दरवाजा खोला तो रीना का शव पंखे से बंधा लटक रहा था।साजिद खान ने घटना की सूचना प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव को दी।सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव तथा उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह मौके पर पहुंचे।नायब तहसीलदार की उपस्थिति में शव को उतार कर पंचायत नामा भर कर पी एम के लिये भेज दिया।रीना वर्मा के चाचा सुरेंद्र कुमार ने मवई थाने में तहरीर देकर सास ,ससुर तथा पति पर रीना को दहेज कम देने का आरोप लगाते हुए मारने पीटने तथा प्रताड़ित करने का आरोप लगाया।पुलिस ने रीना के पति अनिल, सास श्रीमती देवी,तथा ससुर पर धारा 498 ए,323,304 बी,आई पी सी व 3/4 डी पी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर तीनो को हिरासत में ले लिया है।

# सपा सरकार में शिक्षाकों का हुआ सबसे अधिक सम्मानः दान बहादुर सिंह

## समाजवादी शिक्षक सभा की बैठक में मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान समारोह पर हुई चर्चा

अयोध्या। समाजवादी पार्टी की सरकार में सभी वर्गों के कल्याणकारी योजनाओं को चलाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का काम अखिलेश यादव ने किया था परंतु भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने कन्या विद्याधन लैपटॉप योजना बेरोजगारी भत्ता जैसे तमाम योजनाओं को बंद कर दिया है उक्त बातें शिक्षक सभा की बैठक में कहीं गई समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी फैजाबाद शिक्षक सभा की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने कहा कि आज माननीय मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान 2020–21 की चयन समिति की बैठक हुई बैठक को संबोधित करते हुए कहां की शिक्षकों का जितना सम्मान मुलायम सिंह यादव की सरकार में हुआ था उतना सम्मान सिर्फ अखिलेश यादव की सरकार में हुआ है शिक्षक के हित में जो भी फैसला मुलायम सिंह यादव ने किया था उसका लाभ आज सभी शिक्षकों को मिल रहा है आने वाले 2022 के चुनाव में सभी शिक्षक लामबंद होकर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का काम करेंगे श्री सिंह ने कहा कि माननीय मुलायम सिंह यादव शिक्षक सम्मान के लिए चयन समिति की घोषणा की गई है जिसकी बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि अब तक प्राप्त बायोडाटा संकलित किया गया है और 15 अगस्त जो तक जो बायोडाटा प्राप्त होगा उसमें चयन समिति 5 नामों का चयन करेगी प्राथमिक शिक्षा से उच्च शिक्षा तक शिक्षक शिक्षिकाओं का समायोजन किया जाएगा श्री सिंह ने बताया सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि शिक्षक सभा के प्रदेश अध्यक्ष विधान परिषद सदस्य डॉ मानसिंह यादव होंगे जिनकी स्वीकृत मिल चुकी है सपा जिला प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव ने बताया कि शिक्षक सम्मान समारोह का कार्यक्रम शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर समाजवादी पार्टी कार्यालय लोहिया भवन गुलाब बाड़ी पर संपन्न होगा चयन समिति की मीटिंग में मुख्य रूप से डॉ घनश्याम यादव, चौधरी बलराम यादव, डॉ अवनीश प्रताप सिंह, अशोक कुमार साहनी, संत प्रसाद मिश्रा ,जेपी चौरसिया, अनिल मिश्रा, विमल सिंह यादव, जगन्नाथ यादव ,तहसीलदार सिंह, रणधीर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे स

# डीएम ने बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाकर पोषण माह अभियान का किया शुभारम्भ

गोण्डा। डीएम मार्कण्डेय शाही ने एक माह तक चलने वाले पोषण माह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डीएम ने जिला महिला अस्पताल में बच्चों को दवा की खुराक पिलाकर किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि अभियान की सफलता के लिए माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य कराएं तथा सीएचसी पीएचसी स्तर पर भी अभियान का व्यापक रूप से आयोजन कराया जाना सुनिश्चित कराएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डउ0 आर0एस0 केसरी ने बताया कि इस अभियान में जिल के 09 माह से 05 वर्ष तक के 03 लाख 23 हजार बच्चों को विटामिन ए, फोलिक एसिड व आयरन की खुराक पुलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि विटामिन ए वसा में एक घुलनशील विटामिन है जो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। कोविड–19 से बचाव में रोग प्रतिरोधक क्षमता की महत्वपूर्ण भूमिका है। सी०एन०एन०एस० (2016–18) की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में 1–4 वर्ष के 16.9 प्रतिशत बच्चे विटामिन ए की कमी से ग्रसित है। 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की 9 खुराक दिये जाने से उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता में बढोत्तरी होती है जिससे कि वे स्वस्थ रहते हैं।

# फरियाद लेकर आई संगीता को मिला त्वरित न्याय

गोण्डा ।तहसील सदर अन्तर्गत ग्राम सोनापार की रहने वाली विधवा महिला को डीएम द्वारा त्वरित न्याय दिया गया। जनता दर्शन में फरियाद लेकर आई ग्राम सोनापार निवासिनी संगीता पत्नी रामनरेश ने प्रार्थना पत्र देकर डीएम को बताया कि सर्व यूपी ग्रामीण बैंक शाखा मुण्डेरवा के बैंक प्रबंधक द्वारा जानबूझकर उसके खाते पर रोक लगा दी गई है जिसके कारण उसे न तो पेंशन मिली पा रही है और न ही वह किसी प्रकार का लेनदेन ही कर पा रही है। संगीता ने डीएम को बताया कि बैंक कर्मियों द्वारा उसे नाजायज परेशान किया जा रहा है। मामले का संज्ञान लेते हुए डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी राजेश कुमार सोनी तथा लीड बैंक डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दासरथी बेहरा को तत्काल मौके पर जाकर मामले की जांच कर समस्या का निस्तारण कराने तथा दोषी बैंक प्रबंधक के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। डीएम के आदेश पर दोनों अधिकारियों द्वारा बैंक शाखा में जाकर जांच की गई तो शिकायत सही पाई गई। शिकायतकर्ता संगीता का खाता तुरंत चालू करा दिया गया।

# तहसील करनैलगंज इकाई के लेखपाल संघ का चुनाव सम्पन्न

करनैलगंज(गोंडा)। तहसील करनैलगंज इकाई के लेखपाल संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमे पदाधिकारियों का चयन किया गया। करनैलगंज तहसील सभागार में जिला मंत्री सिद्धार्थ द्विवेदी की अध्यक्षता में लेखपाल संघ की तहसील इकाई के पदाधिकारियों का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर बसंतलाल निर्वाचित हुये। वहीं फैय्याज अहमद खान को उपाध्यक्ष, विनय कुमार को मंत्री, रमेश कुमार वर्मा को उप मंत्री, राजेश कुमार यादव को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, बलराम मिश्र को कोषाध्यक्ष, शांती देवी को ऑडिटर पद पर निर्विरोध चयनित किया गया है। जिला उपाध्यक्ष दीपक त्रिपाठी, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी, सदर मंत्री आत्माराम वर्मा, गोविंद शरण तिवारी, बीरेंद्र बहादुर पाठक, जितेंद्र कुमार शुक्ल आदि लेखपाल मौजूद रहे।

# हैवानियत की हदें पार कर विक्षिप्त महिला हुई गर्भवती,दर दर ठोकर खा कर,घुट घुट जीने को मजबूर

गोण्डा। धानेपुर थानाक्षेत्र के बाबागंज बाजार व आस पास घूमने वाली विक्षिप्त महिला कहाँ की है कौन है किसी को पता नही अब तक उक्त महिला पर किसी का ध्यान भी नही गया था। लेकिन एक दिन सड़क किनारे दर्द से कराहती महिला की आवाज सुनकर सड़क पर निढाल पड़ी तड़पती महिला को देखने के लिये कुछ महिला पुरुष इकट्ठे हुए तो उनकी निगाह विक्षिप्त महिला के पेट पर पड़ी तो सभी दंग रह गए।यह बात आग की तरह पूरे कस्बे में फैल गई फिर जिसे देखो वहीं महिला को देखने पहुचने लगे,हर ब्यक्ति दरिंदे को कोशते रहे। तभी कुछ लोगो ने तड़पती महिला को सीएचसी पर भर्ती कराने के लिये डाक्टर से बात किये तो डाक्टर ने हाथ खड़े कर दिए।यह बात डीएम दरबार पहुची तो धानेपुर की पुलिस भी सक्रिय हो गयी महिला को आनन फानन में सीएचसी धानेपुर लाया गया जहां चिकित्सकों ने अभी 15 दिन का समय होना बता कर पलड़ा झाड़ लिया।फिर हाल पुनः विक्षिप्त महिला को उसके हाल पर छोड़ दिया गया है।

# ओलंपिक प्रतिभागियों की हौसला अफजाई के लिए प्रोजेक्टर पर दिखाए गए मैच

हरदोई।भारतीय टीम जो कि ओलंपिक में प्रतिभाग कर रही है उसकी हौसला अफजाई के लिए सीतापुर रोड स्थित हरदोई स्टेडियम में हरदोई के खिलाड़ियों को प्रोजेक्टर पर ओलंपिक के मैच दिखाए गए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारीष सुश्री आकांक्षा राणा,उप जिलाधिकारी सदर सुश्री दीक्षा जैनष्परियोजना निदेशक डीआरडीए, बेसिक शिक्षा अधिकारी , डिप्टी कलेक्टरष अभिषेक सिंहषजिला अल्पसंख्यक अधिकारी और समस्त खेलों के खिलाड़ी के साथ उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी के द्वारा समस्त अधिकारियों एवं खिलाड़ियों का स्वागत किया गया।

# थाना मिश्रौलिया में हुए हत्याकांड का 48 घंटे के अंदर खुलासा,पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। मिश्रौलिया थाना अंतर्गत ग्राम बहोरवा घाट में बाबूराम निषाद के 29 जुलाई को गायब होने पर 30 जुलाई को ही बूढ़ी राप्ती नदी के किनारे शव मिला था जिसको लेकर पुलिस प्रशासन पर काफी दबाव पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह एंव एएसपी सुरेश चंद रावत के नेतृत्व में मिश्रौलिया थाना पुलिस ने 48 घंटे के अंदर ही हत्या में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक मिश्रौलिया थाना प्रभारी पंकज कुमार पांडे एवं एसओजी टीम के प्रभारी जीवन त्रिपाठी को मुखबिर के द्वारा खबर मिली कि तीन अभियुक्त गुलेरिया मोड़ पर जा रहे हैं जिन्हें पुलिस ने सुबह 7.00 बजे ही गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने अपना जुर्म स्वीकार किया और बताया कि पुरानी रंजिश के कारण बाबूराम का गला घोट कर हत्या कर दिया गया साथ ही पुलिस से बचने के लिए लाश को राप्ती नदी में फेंक दिया गया अभियुक्तों ने हत्या में शामिल रस्सी को भी पुलिस के हवाले किया। पुलिस की इस सफलता पर पुलिस पुलिस अधीक्षक डॉ0 यशवीर सिंह ने गिरफ्तार करने वाली टीम को दिया। पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने कहा कि जनपद में किसी भी अपराधी को पुलिस नहीं छोड़ेगी किसी के भी साथ अन्याय होता है तो पुलिस उनके साथ हमेशा खड़ी मिलेगी। प्रेस वार्ता के दौरान एएसपी सुरेश चंद रावत में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिस प्रकार से जनपद की सुरक्षा की जा रही है उसके बारे में भी बताया गया।



# ठीकेदार ने काटी सड़क,नही बनने से हो रही दुर्घटनाए, एक की मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

बर्डपुर/सिद्धार्थनगर। क्षेत्र में प्रधानमंत्री सड़क योजना से निर्मित बजहा गौरा मार्ग के बार्डर क्षेत्र से निकलने वाली नहर पर हुए पुल निर्माण के दो वर्ष बीत गये, ठीकेदार द्वारा अप्रोच भरा नही गया,ग्रामीणों के काफी विरोध के बाद मिट्टी पाटी गयी,जो बरसात होने के कारण कीचड़ से सराबोर हो जाती है,राहगीर उसमे गिरकर चोटिल हो रहे है,कई के हाथ टूट गए,क्षेत्र के विष्णुपुरवा गांव के हिदायतुल्लाह अपनी पत्नी को मोटरसाइकिल से ले जा रहे थे,फिशल कर गिर जाने से घटना स्थल पर ही उसकी मृत्यु हो गयी। बजहा कस्बावासी के लोगो को पानी पीने की कोई व्यवस्था नही, पानी सप्लाई का पाइप काट दिये जाने के कारण दो वर्ष से पीने के लिये शुद्व पानी नही मिल रहा है,लोग दूषित पानी पीने को मजबूर है।,दूरसंचार बाधित है ओ एफ सी,(आप्टिकल फाइबर केवल) का तार काट दिया गया है, जिससे संचार व्यवस्था में काफी व्यवधान है। बजहा बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक सतीश यादव का कहना है कि क्षेत्र के काफी लोग दुर्घटना के शिकार हुए है,मैं खुद अपने सहयोगी के साथ दो बार गिर कर चोटिल हुए है,ठीकेदार दो वर्षो में अप्रोच नही बना सका। विजय कुमार जायसवाल,इब्राहिम ,राज किशोर,मीरा,घरभरन,शहीद, सतीश चौरसिया, भारत यादव,हफीजुर्रहमान, ओमप्रकाश कसौधन,वीरेंद्र यादव,आदि कस्बावासी ने सड़क पर गिट्टी डाल मरम्मत कराया जाय।ताकि लोग दुर्घटना से बच सकें।



# तहसीलदार नौगढ़ ने खलिहान के भूमि से अवैध कब्जा हटवाया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थ नगर। थाना मोहाना के राजस्व ग्राम गढ़मोर तप्पा नेतवर में खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा तहसीलदार ने मौके पर जाकर जेसीबी से हटवाया। खलिहान के भूमि राधेश्याम पुत्र भुलई ने अवैध तरीके से छप्पर डाल कर अवैध कब्जा किया था, जिससे नवनिर्मित पंचायत भवन का रास्ता अवरूद्ध हो गया था।ग्राम प्रधान गढ़मोर के शिकायती प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी सदर विकास कश्यप के निर्देश पर तहसीलदार नौगढ़ रामऋषि रमन स्वंय राजस्व टीम के साथ पहुँच कर खलिहान के भूमि से अवैध कब्जा हटवाया।राजस्व टीम में राजस्व निरीक्षक शीतल प्रसाद द्विवेदी, हल्का लेखपाल अखिलेश यादव, महेन्द्र सहानी,मनोज कुमार,शिवशंकर यादव, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव के अलावा थाना मुकामी पुलिस बल उपस्थित रहे।



# छुट्टा पशुओ से किसान,जनता परेशान लापरवाही से गौ आश्रय फेल

एम0पी0 सिंह/

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। कोविड–19 की आपदा के चलते उत्तर प्रदेश के करोड़ो– करोड़ों श्रमिक जो आन्ध्र प्रदेश, गोवा, पंजाब, हरियाणा, मुम्बई, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटका और दिल्ली में प्रति वर्ष अकुशल श्रम, रेवड़ी, खुम्चा, सड़क पटरी व्यापार, आदि से जुड़े थे, उनकी रोजी–रोटी महानगरों की इस जैविक चीनी आक्रमणकारी वायरस के चपेट से चली गयी, उनके पास बचा केवल पेट भरने के लिये खेती, जिसे छुट्टा गाये, जंगली नीलगाय, सूअर और टिड्डी के प्रकोप से हलकान होती जा रही है, जिसमें छुट्टा गायों और नीलगायो तथा सूकर प्रकोप का कारण किसान योगी सरकार को मानते है, क्योंकि नीलगायों की हत्या नहीं हो सकती, क्योंकि वन्य जीव है, और गायों की हत्या हो नहीं सकती क्योंकि बहुलक समुदाय का यह धार्मिक आस्था से यह जुड़ा प्रश्न है, पूर्ववर्ती हुकूमतों में गोवध निवारण अधिनियम लागू होने के बावजूद गोमांश भच्छी लोगों की तृप्ती हेतु चोरी छिपे या राजनीतिक सह पर भारी पैमाने पर उत्तर प्रदेश और नेपाल तक बिहार के जरिये पश्चिम बंगाल तक और विदेशा में उत्तर प्रदेश का पशु धन मांश व्यापार में चला जाता था, अब भी योगी राज में बंजारा समुदाय और पुलिस की मिली भगत से कुछ प्रतिशत गोमांश व्यापार जारी है, किन्तु योगी राज में 70 फीसदी तक गोहत्या बंद हो चुकी है। पुलिस डरती है, कि रिवश्वत लेकर यदि गोतस्करी करवायेंगे तो पकड़े जाने पर नौकरी जायेगी। लेकिन उसका परिणाम यह हुआ कि अब लोगों का रूझान भैंस पालन में है। और जर्सी गायों ने नयी समस्या पैदा की बछड़े केवल कटने के लिये होते है, यहां तक कि देशी प्रजातियों के बछड़े किसान के लिये बेकार है क्योंकि पूरे उत्तर प्रदेश में ट्रैक्टर से खेती का प्रचलन 95 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। राज्य सरकार की नीतियों में गोमांश व्यापार अवैध है, तथा हिन्दु युवा वाहिनी समेत अपने को हिन्दू मानने वाली जनता जो गो को माता कहती है, उसका संरक्षण और सेवा कदापि नहीं कर रही है, यहां तक कि अल्प आर्थिक सहायता योगी सरकार द्वारा दिये जाने के बावजूद गो आश्रय स्थल गो कारागार से कम नही। नीलगायों को मारा नहीं जा सकता और झुण्ड के झुण्ड यह पशु आज किसानों के लिये इतना अधिक हानिकारक है, कि रात दिन इन पशुओं की रखवाली करते बीतता है, जिससे किसान बहुत रूस्ट है, और छुट्टा गायें प्रतिदिन ट्रकों और चार पहियों वाहनों से उत्तर प्रदेश की सड़कों पर और गौ आश्रय स्थलों में तड़प तड़प कर मर रही है, प्रशासन और नगर पालिका उनको इधर–उधर गड्ढे भरे पानी तक में फेंक देता है, दो–दो दिन सड़को और पशु आश्रय स्थल मरी गायें पड़ी रहती है, कोई हिन्दू जनता इसको नोटिस नहीं लेती। इन पशुओं को दफन करने के लिये कोई चिन्हित स्थल तक नहीं रह गया, जो पर्यावरण, प्रदूषण की समस्या उत्पन्न करता जा रहा है, किसान काफी दुखी है, किसानों के आक्रोष को विपछी दल भुनाना चाहते है, और ऊपर से खाद्य तेलों की महंगाई तथा डीजल और पेट्रोल की महंगाई के कारण विपक्षी दल जनता को लगातार सरकार के खिलाफ लाम्बंद करने में लगे रहते है, सरकार का प्रशासनिक तंत्र भी केवल नौकरी कर रहा है। उसे न तो इन समस्याओं के निदान के लिये स्वयं पहल करने की मंशा दिखती है, न ही वह सरकार को सही मस्बिरा और डिमाण्ड दे पा रही है, कि इसका निदान कैसे हो, लेकिन किसान इससे तबाह है।

## सावधानः गांवों के दुकानदारों का भी जीएसटी में होगा पंजीकरण

राजेश शर्मा

सिद्धार्थनगर। उत्तर प्रदेश में टैक्स बेस बढ़ाने के लिए वाणिज्य कर विभाग की नजर गांवों के दुकानदारों पर है। विभाग ने 2000 से अधिक आबादी वाले गांवों में जीएसटी में अपंजीकृत व्यापारियों के पंजीकरण के लिए अभियान चलाने का फैसला किया है। इसके लिए विभाग स्तर पर कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसमें ब्लॉकवार अधिकारियों की टीम बनाकर गांवों में भेजा जाएगा। जल्द ही इस कार्ययोजना पर काम शुरू होगा।विभाग की कार्ययोजना के मुताबिक नगर निगम वाले शहरों के अलावा नगर पालिका परिषद और छोटी नगर पंचायतों तक के व्यापारियों को जीएसटी में पंजीकृत कराने का अभियान चलाया जाएगा। इसी कड़ी में विभाग ने गांवों में दुकान या अन्य व्यापार करने वाले व्यवसायियों को भी जीएसटी के दायरे में लाने का फैसला किया गया है। फिलहाल अभियान में 2000 से अधिक आबादी वाले गांवों के व्यापारियों का ब्योरा जुटाया जाएगा।इसके बाद उनका जीएसटी में पंजीकरण कराया जाएगा। वाणिज्य कर मुख्यालय ने इस संबंध में सभी जोनल एडिशनल कमिश्नरों को निर्देश जारी कर दिया है। इसमें गांवों के व्यापारियों का ब्योरा जुटाने के साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों में पंजीकृत व्यापारियों का भी डाटा जुटाने के लिए विशेष अनुसंधान शाखा के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

## आपसी सौहार्द से मनाए मोहर्रम का पर्व– प्रभारी महेश सिंह

दैनिक बुद्ध का संदेश

कपिलवस्तु/सिद्धार्थनगर। रविवार को कोतवाली परिसर मे



आगमी मोहर्रम त्योहार के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक की गयी। पदाधिकारियो, नागरिको, ग्राम प्रधानो, ताजियदारो से त्योहार के संबंध मे बिचार विमर्श किया गया।कोतवाली प्रभारी महेश सिंह ने सभी उपस्थित जनो से अपील करते हुए कहा ,त्योहार को आपसी शौहार्द भाई चारगी से मनाये, कही कोई विबाद न होने पाए इसके लिये आप सहयोग करें।कोई दिक्कत होती है तो कोतवाली को सूचना देकर शांति व्यवस्था में सहयोग करायें,पर्व को कोविद–19 गाइड लाइन के अनुसार स्वच्छ वातावरण में मनाये।माक्स,सेनेटाइजर,उचित दूरी का पालन करें।इस दौरान एसआई संजीव शुक्ला, दिलीप कुमार यादव,किशोरी लाल चौधरी,अभिषेक कुमार,महेश प्रसाद,शिवपूजन यादव,सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिले में रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज का दबदबा कायम

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा परिणाम में रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटरमीडिएट कॉलेज तेतरी बाजार के बच्चों का जिले में दबदबा कायम रहा। बता दें कि हाई स्कूल में कुल 518 व इंटरमीडिएट में 507 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए थे । जिसमें इंटरमीडिएट में 457 छात्र 75: से अधिक अंक ,506 छात्र प्रथम श्रेणी व एक दितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए ,जबकि वहीं हाई स्कूल में 518 छात्र 75: से अधिक अंक प्राप्त कर सभी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। हाई स्कूल में अपर्ण वर्मा ने 95.50 व इंटरमीडिएट में तरुण कुमार ने 91.2: सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट में कुल 507 छात्र सम्मिलित हुए थे जिसमें 457



छात्र 75: से अधिक ,506 प्रथम श्रेणी में व एक द्वितीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इंटरमीडिएट में तरुण कुमार को 91.2रू आशुतोष द्विवेदी, गजेंद्र प्रसाद व ओमेंद्र देवभट्ट को 91रू परमजीत 90.8: शिवांगी पटेल 90.6रू ईशांत कुमार 90.6रू आयुष कुमार त्रिपाठी 90.4रू कोमल पांडेय 90.2रू अरुण पांडेय , शिवमूरत व विवेकानंद त्रिपाठी को 90: आशुतोष मिश्र व मनिकेत राज को 89.6रू अभय शंकर मिश्र व तान्या वर्मा को 89.4रू तथा कनक प्रजापति को 89रू अंक प्राप्त हुआ। विद्यालय का सौ फीसदी रहा रिजल्ट , अर्पण वर्मा ने 95.50: सर्वाधिक अंक प्राप्त कर किया विद्यालय टॉप ।इसी प्रकार हाई स्कूल में कुल 518 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें सभी 75रू से अधिक अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए । हाई स्कूल में अर्पण वर्मा 95.50:अंशुमान त्रिपाठी ,अर्पित सिंह ,आशीष कुमार यादव ,कुणाल पांडेय व नितेश कुमार मिश्र को 95.33:आदित्य पांडेय, अरुण शुक्ल, दिव्यांशु मिश्र व कन्हैया लाल यादव को95.16: विवेक शुक्ल, काजल चौधरी, हर्षित मालवीय ,संजना मिश्रा व नितेश मिश्र को 95: आर्यन मिश्र ,अनन्या सिंह ,पीयूष पटेल प्रखर मिश्र व सत्यम मिश्र को94.83: ,तथा विपुल पासवान व शिवांश मणि त्रिपाठी को 94.66: अंक प्राप्त हुआ। हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट दोनों परीक्षा फलों में विद्यालय का रिजल्ट सौ फीसदी रहा। बता दें कि परीक्षा परिणाम घोषित होने से पूर्व विद्यालय के छात्र–छात्राएं विद्यालय पर पहुंचकर प्रधानाचार्य व अपने शिक्षकों से आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय के शिक्षकों ने भी इसे यादगार बनाते हुए बच्चों के साथ फोटो खिंचवाई राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक तुलसीराम समेत विद्यालय के प्रबंधक मुरलीधर अग्रहरि व प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी ने विद्यालय परिवार की ओर से बधाई देते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नेहरू युवा केंद्र गावों को स्वच्छ बनाने के लिए दे रहा अहम योगदान

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। नेहरू युवा केंद्र सिद्धार्थनगर युवा कार्यक्रम एव



खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान तथा जिला युवा अधिकारी मनीष सिंह की अगुवाई में आज जिले के अलग अलग ब्लॉको में चल रहे एक अगस्त से पंद्रह अगस्त स्वछता पखवाड़ा कार्यक्रम के अन्तर्गत आज जिले के सदर ब्लॉक नौगढ़ से रा०यु०स्व०दुर्गावती व गोविन्द वर्मा बर्डपुर ब्लॉक से अभिषेक पांडेय व आनंद वर्मा,सोहरतगढ़,मिठवल,जोगिया,बांसी आदि ब्लॉकों में रा०यु०स्व० द्वारा भारत को साफ सुथरा रखने के लिए शपथ लिया गया।

## नगर पंचायत भारत भारी रुदौली डुमरियागंज मार्ग के बीच में जानलेवा गड्ढा

दैनिक बुद्ध का संदेश

भारत भारी/सिद्धार्थनगर। विकासखंड डुमरियागंज अंतर्गत नगर पंचायत भारत भारी डुमरियागंज रुधौली मार्ग पर स्थित आजाद नगर चौराहे पर सड़क के बीचो बीच में बड़ा गड्ढा जल जमाव होने के कारण हुआ आने जाने वाली कई भारी वाहन उसमें अब तक भाग चुके हैं यदि समय रहते का इस गड्ढे इलाज नहीं किया गया तो आने वाले समय में कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है इस रोड को सरकार द्वारा टूलेन पास भी कर दिया गया है जिसका बजट पूर्व के कुछ महीनों में आया और विधायक जी द्वारा इसका उद्घाटन भी मोतीगंज चौराहे पर किया गया लेकिन अभी सड़क को बनने में लगभग कई महीने लग जाएंगे इस वजह से बड़ी दुर्घटना ना हो जाए गांव और क्षेत्र के लोग काफी रोष में हैं शासन सत्ता के इस तरह बर्ताव से राम नयन यादव दिलीप कुमार अब्दुल महबूब गुल्लू राम लखन विश्वकर्मा पुनर्वासी चंद्रशेखर जाकिर हुसैन सोमई पांचू प्रधान जी पूर्व मिठाई लाल आदि लोग



## सरकार के आदेश पर भारी मदरसा संचालकों की मनमनी

### भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के मुबारकपुर में खुला मदरसा स्कूल

दैनिक बुद्ध का संदेश/सच्चिदानन्द मिश्रा

भनवापुर। कोविड महामारी से जहां पूरा विश्व लड़ रहा है और सरकार द्वारा सभी सरकारी तथा गैर सरकारी स्कूलों को बंद करने का निर्देश जारी किया है,वहीं भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के मदरसा संचालक सरकार के आदेश को धता बता कर बेखौफ मनमानी तरीके से मदरसा स्कूल खोल कर बच्चो को पढ़ा रहे हैं।रविवार को भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के मुबारकपुर उर्फ फलफली में संचालित मदरसा आनुवरूल कुरआन, सुबह खोल कर करीब सैकड़ो मासूम बच्चों को मौलाना अहमद रजा पढ़ा रहे थे।इतना ही नहीं इस दौरान मौलाना खुद और बच्चे बिना मास्क के कोबिड नियमों की धज्जियाँ उड़ा रहे थे।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मौलाना एक जुलाई से प्रतिदिन बराबर सुबह से स्कूल खोल कर दो बजे तक चलाता है।ऐसे में डब्ल्यूएचओ के द्वारा दी जा रही कोबिड के तीसरी लहर के दस्तक के बाद भी स्कूल खोलना भबिष्य के लिए खतरे की घंटी साबित हो सकती है।इस संबंध में प्रभारी जिला अल्पसंख्यक अधिकारी एजाजुल हक ने कहा कि मदरसा बंद करने का निर्देश दिया गया है ऐसे में अगर कोई मदरसा खोल कर पढ़ाई करता है तो मान्यता समाप्त करने की संस्तुति भेज कर कार्रवाई अवश्य की जाएगी।



## ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार बुजुर्ग की मौत, चालक घायल

दैनिक बुद्ध का संदेश/दिलीप पाण्डेय 'छोटे'

डुमरियागंज।भवानीगंज थाना क्षेत्र के भड़रिया व धनखरपुर गांव के बीच रविवार को हुए हादसे में बाइक सवार एक 55 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेवा में चल रहा है। वही मामले की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में लेकर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। श्रावस्ती जनपद के भिनगा थानान्तर्गत लक्ष्मणपुर निजामुद्दीन(55) पुत्र झल्लर अपने गांव के ही मैराज अहमद (22) पुत्र मंसूर बाइक से भड़रिया की तरफ आ रहे थे।अभी वह बेंवा–भड़रिया मार्ग पर धनखरपुर गांव के कुछ दूर आगे ही हुए थे कि ओवरटेक के चक्कर में एक ट्रेलर के चपेट में आ गए।जहां पर बाइक चला रहे निजामुद्दीन की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि मैराज गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना होते ही लोगों की भीड़ जुट गई। घायल मैराज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेंवा में इलाज के लिए पहुंचाया। जहां पर उसका इलाज चल रहा। इसी बीच किसी ने मामले की सूचना पुलिस को भी दे दी। जिसके बाद थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय व एसआई अर्जुन सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए।जहां पर मौजूद ट्रेलर व ड्राइवर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया और शव को पीएम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष अंजनी कुमार राय ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही की गई है। साथ ही परिजनों को मामले की भी सूचना दे दी गई है।



## लोटन थाने मे त्योहार को लेकर की गई पीस कमेटी की बैठक

दैनिक बुद्ध का संदेश

लोटन। कोतवाली लोटन में आगामी त्योहार मोहर्रम को लेकर प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु सिंह की अध्यक्षता में लोटन कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक की गई प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु सिंह ने कहा त्योहारों को आपसी सौहार्द व भाई चारा से मनाए। कोई अराजक तत्व दिखाई देने पर इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें।पुलिस सदैव आपकी सहायता के लिए तत्पर है। कोविड नियमों का पालन करना आवश्यक है।



किसी विवादित स्थल पर रखने व ले जाना ताजिया वर्जित है। जलूश निकालने पर प्रतिबंध है। कुछ अराजक तत्व होते है जो खलल डालने का प्रयास करते है। सावधान रहने की जरूरत है। सभी का सहयोग चाहिए। त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गई, त्यौहारों को भाईचारा सौहार्द के बीच मनाएं उक्त समय पर अरविंद मणि त्रिपाठी , पंकज वर्मा, कमलेश चौरसिया, प्रवेश शुक्ला, अरबाज ,नियाज अहमद ,एस आई इशांशु श्रीवास्तव, राम अशोक यादव,मूशे सिंह ,इरशाद खान,अरमान आदि सभी ग्राम प्रधान व क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

**जाहिर–सी बात है कि किसी समाज में बड़ी संख्या में लोग शिक्षा–रोजगार से वंचित होने के बाद अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये भिक्षावृत्ति का सहारा लेते हैं। कह सकते हैं कि अदालत का संवेदनशील व्यवहार हमारे समाज में चलाये जा रहे गरीबी उन्मूलन ...**

## भीख की सीख

कोरोना संकट में बेघर लोगों और भिखारियों के टीकाकरण की आवश्यकता पर बल देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक स्थलों से भिखारियों को हटाने के बाबत जो मानवीय दृष्टिकोण दिखाया, वह मुक्तकंठ से प्रशंसा योग्य है। कोर्ट ने उन्हें हटाने की मांग करने वालों को दो टूक जवाब दिया कि कोर्ट भिक्षावृत्ति उन्मूलन के बाबत अभिजात्य दृष्टिकोण के बजाय मानवीय नजरिये को तरजीह देगा। अदालत ने कहा कि लोग शौक से भीख नहीं मांगते बल्कि शिक्षा व रोजगार की दौड़ में पिछडने के चलते अपनी जमीन से उखड़कर सड़कों पर भीख मांगने को मजबूर होते हैं। इसलिये सरकारों को इसे एक आर्थिक व सामाजिक समस्या मानते हुए उनके जीवनयापन और पुनर्वास के लिये दीर्घकालीन उपाय करने चाहिए। हालांकि, वर्ष 2011 की जनगणना चार लाख भिखारियों का होना बताती है लेकिन वास्तव में यह आकंड़ा बहुत बड़ा है। इनके उत्थान के लिये सरकारी स्तर पर जो प्रयास हुए, उनका लाभ इस तबके तक नहीं पहुंचा है। ऐसे में जब कोरोना संकट में समाज का अंतिम व्यक्ति ही दारुण स्थिति से गुजर रहा है, तो भीख मांगने वालों की त्रासदी का आसानी से अंदाज लगाया जा सकता है। ऐसे में जो लोग वास्तव में मुश्किल हालातों से गुजरकर, विस्थापन, पलायन, दुर्घटनाओं और प्राकृतिक आपदाओं के चलते भीख मांगने को मजबूर होते हैं, उनके उत्थान व पुनर्वास के लिये केंद्र–राज्य सरकारों को मिलकर काम करना चाहिए। शारीरिक दृष्टि से सक्षम लोगों को व्यावसायिक कौशल से लाभान्वित किया जाए ताकि वे समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें। यह भी है कि समाज की करुणा को भुनाने के लिये माफिया बच्चों–विकलांगों तथा महिलाओं का अपहरण करके सुनियोजित तरीके से भीख मंगवाते हैं। कोशिश हो कि भीख मांगना व्यवसाय न बने। हर साल देश में चालीस हजार बच्चों का अपहरण करके उन्हें भीख मांगने और अन्य आपराधिक गतिविधियों में इस्तेमाल किया जाता है। ऐसे माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई करके इनके गढ़ों का सफाया हो। यह अच्छी बात है कि देश का न्यायिक तंत्र और विधायिका का रुख इस वर्ग के प्रति संवेदनशील व करुणामय है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने वर्ष 2018 में भीख मांगने को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया था। दरअसल, हमने उन कारणों को संबोधित करते हुए कदम नहीं उठाये जो इस समस्या के मूल में हैं। यदि हम भीख मांगने को अपराध के दायरे में रखते हैं तो कहीं न कहीं व्यक्ति के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है। हालांकि, कई राज्यों ने इस फैसले को निरस्त करने के लिये शीर्ष अदालत में दस्तक भी दी है। इस समस्या के निराकरण के मकसद से भिक्षावृत्ति उन्मूलन और भिखारियों का पुनर्वास विधेयक 2018 संसद में लाया गया था, जिसे पारित करने में तेजी की जरूरत है। इससे इस वंचित समाज की पीड़ा को किसी हद तक कम किया जा सकेगा। निस्संदेह, शीर्ष अदालत में न्यायमूर्ति डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एम.आर. शाह की पीठ ने भिखारियों को हटाने के मामले में जो संवेदनशील रवैया दिखाया है, समाज को भी उसका अनुसरण करते हुए, इनके उत्थान के लिये प्रयास करने की जरूरत है। निस्संदेह किसी समाज में भिक्षावृत्ति का बड़े पैमाने में प्रचलन होना बताता है कि वह समाज सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरा नहीं उतरता। जाहिर–सी बात है कि किसी समाज में बड़ी संख्या में लोग शिक्षा–रोजगार से वंचित होने के बाद अपनी मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये भिक्षावृत्ति का सहारा लेते हैं। कह सकते हैं कि अदालत का संवेदनशील व्यवहार हमारे समाज में चलाये जा रहे गरीबी उन्मूलन अभियान को विस्तार देने और उसे इस समस्या के नजरिये संवेदनशील बनाने की जरूरत बताता है। जो यह भी दर्शाता है कि समाज में किसी व्यक्ति को भूखों मरने के लिये नहीं छोड़ा जा सकता है।

## आखिर लगवा ली ताई ने वैक्सीन

मदन गुप्ता सपाटू

तीसरी लहर के डर से गांव के कुछ युवा कार्यकर्ताओं ने वैक्सीन लगवाने के लिए एक कैंप लगवा दिया। लालू गले में लाउड स्पीकर लटकाए चिल्ला–चिल्लाकर मुनादी करने लगाकृ वैक्सीन लगवा लो वैक्सीन। मुफ्त में लगवा लो वैक्सीन। गांव के सभी लोग लाइन लगाकर रंग–बिरंगी ड्रेस पहने ऐसे निकल पड़े जैसे वोट देने निकलते हैं। लेकिन भूरी ताई अपने स्टैंड पर अड़ी रही। न कभी वोट देने गई न टीकाकरण के लिए तैयार हुई। गांव के छोरे जो आते–जाते ताई से चुहलबाजी करते थे। ताई अपनी रौबीली आवाज में चिल्लाईकृ श्रे छोरो! मैं नब्बे उप्पर पांच होली, थारे से भी जयादा तगड़ी हूं। इब तक एक भी सूई न लगवाई। मन्ने कोई जरूरत नी टीके–फीके की। आज तक बुखार कदी आया मन्ने? और मन्ने गांव का चौधरी कुछ न कह सके तो ये कोरोना कया कर लेवेगा? करोना शरोना सहरों में आवे जावे, म्हारे गांव में मेरे कहे बगैर, पत्ता तक न हिले, यो कैसे आ सके है? जब राम जी बुलाएंगे तो थारा ताऊ भी न रोक सके। पिछले महीने, राम प्यारी, राम को प्यारी होली। बिन बुलाए तो भगवान के घर न जावै कोई ।य कुछ लोग उदाहरण देने लगेकृताई! देख, प्रधानमंत्री की मां 100 बरस की है। उसने भी टीका लगवा लिया है। इब वो और चालेगी। ताई इस बात पर कंपीटिशन की खतिर कन्विंस हो गई। बहुओं ने ताई को रंग–बिरंगी साड़ी पहनाई, ओढनी ओढ़ाई, माथे पर चांदी का बिन्दा लटकाया और एक उत्सव का वातावरण बनाकर किसी तरह कैंप में तोर दी। खैर! जब ताई लौटी तो सारे गांव वाले एक घेरा बनाकर ताई के चारों तरफ खड़े हो गए। कुछ नौजवान छोरे लोकल प्रेस कॉन्फ्रेंसनुमा माहौल बनाकर ताई से चुहलबाजी करने लगेकृताई कैसा लाग्या? दर्द तो नई होई कोई? कौन–सी वैक्सीन लगवाई? ताई ने पूरे कॉन्फिडेंस से जवाब दिएकृदर्द कोई न होई। लाग्या चींटी काट री सै। इब्ब मन्ने कया बेरा कौन से रंग का टीका लाग्या। मैं तो थारे ताऊ को ताकरी थी। जब पिछले साल वैक्सीन नहीं आई थी, लोग गब्बर की तरह आसमान की तरफ गर्दन उठा–उठाकर सरकार से पूछते थेकृकब आएगी वैक्सीन? अभी तक आई नहीं वैक्सीन? जब आ गई तो बरबाद हो गई। लोग गाने लगेकृये तेरी वैक्सीन... ये मेरी वैक्सीन। ये भाजपा की वैक्सीन। मैं नहीं लगवाउंगा। ये विदेशी है। मुझे स्वदेशी चाहिए। किसी को रशियन चाहिए। मैं तो स्टेनलेस स्टील का बना हूं। मैं क्यों लगवाऊं वैक्सीन? अब तीसरी लहर का खौफ सताने लगा तो हर जगह ठेलमठेल। पहले मैं... पहले मैं... कहते हुए एक–दूसरे पर चढ़े जा रहे हैं। वैक्सीन अरेंज्ड मैरिज की तरह हो गई। पहले आप अच्छी नौकरी और स्टेटस के चक्कर में घोड़ी या डोली चढने को तैयार नहीं होते। फिर आपको उनमें से कोई पसंद नहीं आती है। जिन्हें मिल जाती है, वे पछताते रहते हैं कि कुछ दिन रुक जाते तो शायद इससे भी अच्छी मिल जाती। जिन्हें नहीं मिलती, वे आखिर में कहते हैं कोई भी चलेगी।

## सफाईकर्मी के कलेक्टर बनने की आशा

**निस्संदेह, चुनौतियों को अपनी ताकत बना लेने वाली आशा अंततरू अपनी उम्मीदों को उड़ान देने में सफल हुई है। उसने उलाहनों को अपनी प्रेरणा बना लिया, जो लोग उसे टोका करते थे यहां न बैठो, वहां न बैठो। तुम्हारा बाप कलेक्टर लगा है। तो उसने दुनिया को कलेक्टर बनकर दिखा दिया है। लेकिन अपनी सोच को हमेशा बड़ा रखा। चुनौतियों से हार नहीं मानी। आशा स्वयं कहती है कि कोई काम छोटा या बड़ा...**

अरुण नैथानी

एक तलाकशुदा स्त्री और दो बच्चों की परवरिश की जवाबदेही। छोटी उम्र में शादी के चलते सिर्फ इंटरमीडियट तक ही पढ़ पाई। सेना में अफसर बनने का जो सपना था उसे दफन करके ससुराल चली गई। लेकिन बड़े परिवार में जीवन सामान्य नहीं रहा। शादी के पांच साल उपरांत तलाक होने पर दो बच्चों के साथ मायके भेज दी गई। इन मुश्किल हालात में आशा और विश्वास का संकल्प लिये आशा कंडारा ने बीस साल बाद फिर से पढ़ाई शुरू की। पहले स्नातक किया और फिर अपने सपनों को परवाज दी। एक तलाकशुदा स्त्री का जीवन दकियानूसी समाज में कितना मुश्किल भरा है, यह आशा ने गहरे तक महसूस किया। उसने जातिवादी सोच के दंश भी झेले। लोगों ने ताने मारेकृबड़ी कलेक्टर लगी है? तेरे घर वाले कलेक्टर हैं? ये ताने उसके संकल्प को और मजबूत कर गये। उसने इन तानों को प्रेरणा के तौर पर लिया।

दरअसल, आशा कंडारा ने मशहूर साहित्यकार टॉलस्टॉय के उस कथन को जीवन का अस्त्र बना लिया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि धैर्य व समय के जरिये हर बड़ी लड़ाई जीती जा सकती है। उसने इन हथियारों को जीवन–युद्ध लडने का जरिया बना लिया। लोगों के तानों ने उसे प्रेरित किया कि वह बड़ी अधिकारी बनकर समाज के वंचितों के लिये काम करेगी। अनुसूचित जाति से आने वाली आशा अपने पिता को अपनी प्रेरणा बताती है, जिन्होंने शिक्षा के महत्व को दर्शाया और अपने जीवन का मकसद हासिल किया। आशा उन लोगों में शामिल नहीं रही जो अपनी मुश्किल समय के लिये किस्मत को दोष देते हैं, सिस्टम को कोसते हैं। सही मायनों में आशा ने पूरे देश की महिलाओं को आशा की नई किरण दिखायी है कि चूल्हे–चौके से बाहर भी बड़ी दुनिया है, जिसे संघर्ष व धैर्य से हासिल भी किया जा सकता है।

अपने बच्चों के भरण–पोषण के लिये जोधपुर में एक सफाईकर्मी का काम करने वाली आशा भारतीय बेटियों के लिये एक जीवंत मिसाल बन गई हैं। चालीस साल की उम्र में आशा राजस्थान प्रशासनिक सेवा के लिये चुनी गईं। उसने कड़ी मेहनत के बाद बेहद कठिन माने जाने वाली इस प्रशासनिक सेवा में 728वां रैंक हासिल किया है। उसकी कामयाबी कई मायनों में बेमिसाल है। हालांकि, कोरोना संकट के चलते परीक्षा का अंतिम परिणाम आने में करीब दो वर्ष का समय लगा, लेकिन आशा ने धैर्य नहीं खोया। आरएएस की प्रारंभिक परीक्षा देने के बाद उसे जोधपुर में सफाई कर्मचारी की नौकरी मिली। उसने मन लगाकर काम किया। आशा कहती है कि कोई काम छोटा–बड़ा नहीं होता।

सुबह छह बजे सड़कों पर सफाई के लिये निकलना। ड्यूटी पूरी करके घर का काम करना, बच्चों की देखभाल करना और फिर आरएएस की परीक्षा की तैयारी करना। सही मायनों में कितना बड़ा संघर्ष था आशा का? समय कम पड़ता तो अपनी नींद में कटौती करती। काम पर भी जाती तो किताब लेकर जाती ताकि समय मिले तो कुछ पढ़ सके। दरअसल, जब बत्तीस साल की उम्र में तलाक हुआ तो वह दो बच्चों की मां थी। उसके बाद स्नातक स्तर की पढ़ाई पूरी की और आरएएस की तैयारी। उस पर तलाक लेने की वजह से रिश्तेदारों व रूढिध्वादी समाज के ताने। आशा ने इन तानों को ही अपना हथियार व प्रेरणा बनाया। वंचित समाज से आने के बावजूद पिता ने शिक्षा के महत्व को बताया और उसे पढने को प्रेरित किया। पिता राजेंद्र कंडारा एफसीआई से लेखाकार के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। आशा कहती है कि मेरा लोगों से आग्रह है कि वे अपने बच्चों को पढ़ाएं, बिना पढ़ाई के कुछ भी हासिल नहीं होता।

वहीं समाज में जड़ें जमाने वाला जातिवाद भी कहीं न कहीं आशा को टीस देता रहा है। आशा कहती है कि समाज में ही नहीं, सरकारी तंत्र में जातिवाद गहरी पैठ बनाये हुए है। लेकिन इसके बावजूद उनका मानना है कि उच्च पद पर रहते हुए वह लोगों की भलाई के लिये हर हाल में कार्य करती रहेगी। युवाओं को आगे बढने के लिये निरंतर प्रेरित करती रहेगी।

निस्संदेह, चुनौतियों को अपनी ताकत बना लेने वाली आशा अंततरू अपनी उम्मीदों को उड़ान देने में सफल हुई है। उसने उलाहनों को अपनी प्रेरणा बना लिया, जो लोग उसे टोका करते थे यहां न बैठो, वहां न बैठो। तुम्हारा बाप कलेक्टर लगा है। तो उसने दुनिया को कलेक्टर बनकर दिखा दिया है। लेकिन अपनी सोच को हमेशा बड़ा रखा। चुनौतियों से हार नहीं मानी। आशा स्वयं कहती है कि कोई काम छोटा या बड़ा नहीं होता। हमारे जीवन का लक्ष्य बड़ा होना चाहिए। निस्संदेह, इतनी विषम परिस्थितियों में भी कठिन संघर्ष से एक महिला का अपना आसमां हासिल करना बड़ी बात है। आशा की यह कामयाबी उन तमाम महिलाओं के लिये प्रेरणादायक है जो कई तरह की त्रासदियों से गुजरते हुए भी हालात को अपनी किस्मत मानकर इसे चुपचाप सह रही हैं।

## शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव के साथ राष्ट्र निर्माण की नई पहल

**भारत के लिए यह अनोखी पहल मानी जा सकती है लेकिन दुनिया के अन्य देशों की हम तुलना करें तो यह ज्ञात होता है कि अनेक देश ऐसे भी हैं जहाँ किसी भी कोर्स को करने के लिए वहाँ की भाषा सीखनी पड़ती है। इनमें चीन, रूस, जर्मनी, जापान आदि का उदाहरण दिया जा सकता है जहाँ इनकी ही भाषा में पढ़ाई की जाती है। हाँ, भारत में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं और अन्य देशों में एक, यही...**

प्रो. के.पी. यादव''

स्वामी विवेकानंद का यह कथन सदैव प्रासंगिक रहेगा, ज्किसी भी राष्ट्र के विकास की गति उसके नागरिकों के बीच शिक्षा के प्रसार से होती है।य विकास के अनेक आयाम हैं और हर आयाम में शिक्षा महत्वपूर्ण अंग रही है। शिक्षा से ही मनुष्य का सर्वांगीण विकास संभव है और मनुष्य के विकास पर राष्ट्र का विकास निर्भर है। कोरोना महामारी के वैश्विक संकट के बीच केंद्र सरकार ने राष्ट्र के विकास की नींव शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन शुरू किये हैं। विशेष रूप से चिकित्सा शिक्षा में व्यापक स्तर पर परिवर्तन सरकार का स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति गंभीरता का सुखद संकेत है। चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में हुई नई घोषणा के अनुसार नीट में अखिल भारतीय कोटे के अंतर्गत अब ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) छात्रों के लिए 27 फीसदी और ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर) वर्ग के लिए दस फीसदी आरक्षण का निर्णय लिया गया है। यह निर्णय केंद्र सरकार की पिछड़े और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को आरक्षण प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। देश में डेंटल और मेडिकल के स्नातक–स्नात्कोत्तर (यूजी–पीजी) पाठ्यक्रम में दाखिला लेने के लिए नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट अर्थात नीट एक प्रवेश परीक्षा है। इसके पूर्व वर्ष 2016 तक राष्ट्रीय स्तर पर ऑल इंडिया प्री मेडिकल टेस्ट का आयोजन किया जाता था और राज्य सरकारें उन सीटों के लिए अलग से प्रवेश परीक्षा आयोजित कराती थीं, जिनके लिए राष्ट्रीय स्तर पर दावा नहीं किया जाता था। केंद्र सरकार के नये निर्णय से हर साल लगभग 1500 ओबीसी विद्यार्थियों को एमबीबीएस में और 2500 ओबीसी विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर में तथा 550 ईडब्ल्यूएस विद्यार्थियों को एमबीबीएस में और लगभग 1000 ईडब्ल्यूएस विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर में लाभ मिलेगा। कुल 5500 चिकित्सा विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। देश भर के ओबीसी विद्यार्थी अब किसी भी राज्य में सीटों के लिए प्रतिस्पर्धा करने के लिए एआईक्यू योजना में आरक्षण का लाभ लेने में सक्षम हो जाएंगे। एक केंद्रीय योजना होने के कारण, इस आरक्षण के लिए ओबीसी की केंद्रीय सूची का इस्तेमाल किया जाएगा। इस क्रम में, अतिरिक्त 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण को समायोजित करने के लिए 2019–20 और 2020–21 के दौरान दो साल में मेडिकलध्डेंटल कॉलेजों में सीटों की संख्या बढ़ा दी गई, जिससे अनारक्षित श्रेणी के लिए उपलब्ध सीटों की कुल संख्या में कमी न आए। माना जा रहा है कि यह फैसला 2014 के बाद चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में हुए प्रमुख सुधारों के अनुरूप भी हैं। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार पिछले छह साल के दौरान, देश में एमबीबीएस की सीटें 2014 की 54,348 से 56 प्रतिशत बढ़कर 2020 में 84,649 और पीजी सीटों की संख्या 2014 की 30,191 से 80 प्रतिशत से बढ़कर 2020 में 54,275 हो गई है। इसी अवधि के दौरान, 179 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की गई और अब देश में 558 मेडिकल कॉलेज हैं जिनमें 289 शासकीय एवं 269 निजी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि यह ऐतिहासिक निर्णय देश में सामाजिक न्याय का नया मानक बनाएगा। इस आरक्षण का लाभ वर्ष 2021–22 के अकादमिक सत्र से ही एमबीबीएस, एमडीएस, एमएस, डिप्लोमा और एमडीएस पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियो को मिलने लगेगा। 15 प्रतिशत यूजी व 50 प्रतिशत पीजी सीटें राज्य सरकार की ओर से अखिल भारतीय कोटे के लिए दी जाती हैं। इसमें अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के लिए तो सीटें आरक्षित हैं लेकिन अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए नहीं। इसकी मांग लम्बे अर्से से की जा रही थी और ओबीसी आरक्षण का मामला भी वर्षों से अटका हुआ था। देश के हजारों गरीब और पिछड़े वर्ग के विद्यार्थियों के पास अब चिकित्सा शिक्षा में अपने कैरियर के निर्माण का अवसर प्राप्त होगा और साथ ही मौजूद समय में चिकित्सकों की कमी की समस्या का कुछ हद तक समाधान हो सकेगा। केंद्र सरकार ने चिकित्सा शिक्षा में ऐतिहासिक सुधार की शुरुआत पिछले वर्ष 24 सितंबर 2020 से ही कर दी थी जब दशकों पुरानी संस्था भारतीय चिकित्सा परिषद (एमसीआई) को समाप्त कर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) का गठन किया गया। इसके साथ ही भारतीय चिकित्सा परिषद अधिनियम, 1956 को निरस्त कर राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 लागू किया गया। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग के प्रतिदिन के कामकाज पर नजर रखने के लिए चार बोर्ड का भी गठन किया गया। इस ऐतिहासिक सुधार का उद्देश्य भारतीय चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता गुणवत्ता तथा उत्तरदायी व्यवस्था बनाना है। विशेषज्ञों की मानें तो केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति–2020 से शिक्षा के क्षेत्र में सतत विकास के द्वार खुलेंगे। नई शिक्षा नीति के तहत अब नीट की परीक्षा तेरह भाषाओं में आयोजित की जाएगी जिससे देश के विभिन्न भाषा–भाषी विद्यार्थियों को मेडिकल एजुकेशन में अपने कैरियर के निर्माण का अवसर प्राप्त हो सके। इन भाषाओं में हिंदी, पंजाबी, असमिया, बंगाली, उडिया, गुजराती, मराठी, तेलुगु, मलयालम, कन्नड़, तमिल, उर्दू और अंग्रेजी शामिल है। यह नई शिक्षा नीति–2020 के तहत क्षेत्रीय भाषाओं को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण के अनुरूप है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान बताते हैं कि, इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब नीट यूजी परीक्षा के लिए एग्जाम सेंटर मिडिल ईस्ट देश कुवैत में बनाया गया है। यह सुविधा उन भारतीय छात्रों के लिए की गई है, जो इन देशों में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। लेकिन इसके बेहतर परिणाम तभी सामने आएंगे जब देश के अंतिम छोर तक बसे ग्रामीणों तक चिकित्सा की सुविधा मुहैया हो सकेगी। 29 जुलाई 2021 को केंद्र सरकार की नई शिक्षा नीति को एक वर्ष पूर्ण हुए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस दिन अनेक नई घोषणाएँ की जो केंद्र सरकार के उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक दृष्टिकोण का उदाहरण है। पहली बड़ी घोषणा है गावों के बच्चों को भी प्ले स्कूल की सुविधा और दूसरी क्षेत्रीय भाषाओं में इंजीनियरिंग की पढ़ाई की घोषणा। प्ले स्कूल की सुविधा फिलहाल शहरों तक ही सीमित है जिसका लाभ अब ग्रामीणों को भी मिल सकेगा। क्षेत्रीय भाषाओं में इंजीनियरिंग की पढ़ाई का लाभ कमजोर और गरीब तबके के विद्यार्थियों को भी मिल सकेगा। देश के 8 राज्यों के 14 इंजीनियरिंग कॉलेजों में हिंदी, तमिल, तेलुगू, मराठी और बांग्ला इन 5 भारतीय भाषाओं में शिक्षा देने की शुरुआत की जा रही है। साथ ही, इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम का 11 भाषाओं में अनुवाद करने के लिए एक टूल विकसित किया गया है। मातृभाषा में इंजीनियरिंग की शिक्षा से गरीब, ग्रामीण और आदिवासी पृष्ठभूमि के छात्रों में आत्मविश्वास पैदा होगा, इसमें कोई संदेह नहीं है।

भारत के लिए यह अनोखी पहल मानी जा सकती है लेकिन दुनिया के अन्य देशों की हम तुलना करें तो यह ज्ञात होता है कि अनेक देश ऐसे भी हैं जहाँ किसी भी कोर्स को करने के लिए वहाँ की भाषा सीखनी पड़ती है। इनमें चीन, रूस, जर्मनी, जापान आदि का उदाहरण दिया जा सकता है जहाँ इनकी ही भाषा में पढ़ाई की जाती है। हाँ, भारत में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं और अन्य देशों में एक, यही मुख्य अन्तर है। प्रायरू यह देखने में आया है कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चे सिर्फ इसलिए भी पीछे रह जाते हैं क्योंकि उनकी अंग्रेजी अच्छी नहीं होती। लेकिन अब ग्रमीण बच्चे भी इंजीनियरिंग जैसी उच्च शिक्षा को अपनी स्थानीय भाषा में पढ़ सकेंगे। इससे इंजीनियरिंग को भी ऑक्सीजन मिलेगा, जिसकी बीते कई वर्षों से जरूरत महसूस की जा रही थी। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का कथन है, ज्यराष्ट्रीय शिक्षा नीति ऐसे समय में आई है, जब देश आजादी के 75 वर्ष का अमृत महोत्सव मना रहा है और एक तरह से राष्ट्रीय शिक्षा नीति का क्रियानवयन आजादी के अमृत महोत्सव का हिस्सा बन गया है।

# आक्सीजन के अभाव में मरीजों की नहीं जाएगी जान

देवरिया। जिला मुख्यालय पर पांच आक्सीजन प्लांट की स्वीकृति मिली है। तीन आक्सीजन प्लांट कार्य करना शुरू कर दिए हैं। दो अन्य जल्द ही कार्य करना शुरू करेंगे। ऐसे में जिला मुख्यालय पर अस्पताल में अब किसी भी मरीज की आक्सीजन के अभाव में जान नहीं जाएगी। आक्सीजन के मामले में जनपद समृद्ध हो गया है। एमसीएच विग में तीन आक्सीजन प्लांट लगाने की स्वीकृति मिली। जिसमें दो प्लांट तैयार है। तीसरा भी दो से तीन में कार्य करना शुरू कर देगा। जिला अस्पताल व महिला अस्पताल में भी एक–एक आक्सीजन प्लांट लगाने की स्वीकृति मिली थी। जिला अस्पताल में आक्सीजन प्लांट काम करना शुरू कर दिया है। महिला अस्पताल में प्लांट लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। सिर्फ बिजली का कनेक्शन देना शेष है। यह प्लांट भी दो से तीन में कार्य करना शुरू कर देगा। पीआइसीयू का निर्माण कार्य भी तेज: जिला अस्पताल में 15 बेड पीआइसीयू के अलावा 20 बेड पीआइसीयू का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। एमसीएच विग कोविड अस्पताल में 100 बेड पीआइसीयू तैयार किया जा रहा है। तीसरी लहर से निपटने में यह अस्पताल कारगर साबित होंगे। जिला अस्पताल के 200 बेड पर मिलेगी आक्सीजन की सुविधा जिला अस्पताल के सभी 234 में 200 बेड तक पाइप लाइन के जरिए आक्सीजन पहुंचाया जाएगा। इसकी कार्य योजना बना कर कार्य किया जा रहा है। मेल मेडिकल वार्ड, चिल्ड्रेन वार्ड, सर्जिकल वार्ड के बेड पर आक्सीजन पाइप लाइन की सुविधा नहीं थी।

# अमर बलिदानियों की भावनाओं को आत्मसात करने की जरूरत

बरहज । तहसील क्षेत्र के पैना गांव में स्थित शहीद स्मारक पर अमर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान 31 जुलाई 1857 को अंग्रेज सैनिकों के हमले में बलिदान हुए रणबांकुरों को याद किया गया। डीएम आशुतोष निरंजन ने कहा कि आज का दिन अमर शहीदों को स्मरण करने का दिन है। उनके त्याग व संघर्षों को याद करें और उनकी भावनाओं को आत्मसात करें। डीएम व पुलिस अधीक्षक डा. श्रीपति मिश्र ने सरयू तट पर जल जौहर करने वाली वीरांगनाओं को पुष्प अर्पित कर याद किया। डीएम ने कहा कि देश की आजादी में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर बलिदानियों व वीरांगनाओं की संघर्ष गाथा हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। ऐसे संघर्षों, त्यागों के बलबूते ही आजादी मिली है। हम सभी को अमर बलिदानियों के आदर्शों से सीख लेनी चाहिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि आज के ही दिन 1857 में महिलाओं ने जल जौहर किया था। राजस्थान का जौहर व्रत पूरा भारत जानता है। पैना की महिलाओं एवं बच्चों व यहां के अमर शहीद के त्याग, बलिदान की भी लोगों को जानकारी होनी चाहिए। डा.डीके सिंह, डा. वृजेश कुमार सिंह, हरी प्रसाद सिंह, अंतरराष्ट्रीय पहलवान केशव सिंह ने 31 जुलाई 1857 को गांव के अमर बलिदानियों के संघर्षों, वीर गाथाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध विद्रोह को कुशल नेतृत्व देने वाले बलिदानी ठाकुर सिंह के नाम स्मृति द्वार, शहीद स्थल को विकसित किए जाने, स्नान घाट बनाए जाने की मांग रखी। अतिथियों का वीके सिंह ने स्वागत किया। संचालन पंकज शुक्ल ने किया। पूर्व विधायक स्वामीनाथ, एसडीएम बरहज संजीव यादव, क्षेत्राधिकारी देव आनंद, खंड विकास अधिकारी आलोक दत्त उपाध्याय, आश्रम पीठाधीश्वर आन्जनेय दास, घनश्याम सिंह, अशोक सिंह, ग्राम प्रधान रवि प्रताप सिंह, सावित्री राय मौजूद रहीं।

# दुकानों पर रेट लिस्ट के साथ सीसी कैमरे लगवाएं : डीएम

महराजगंज। जिलाधिकारी डा. उज्ज्वल कुमार ने आबकारी विभाग और लाइसेंसी अनुज्ञापियों के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने विक्रेताओं को निर्देश दिया कि सभी अनुज्ञापी यह सुनिश्चित करें कि उनकी दुकानों पर रेट लिस्ट के साथ ही साथ सीसी कैमरा लगा हो। साथ ही देसी शराब की बिक्री टेट्रा पैक में ही हो। इससे न सिर्फ अवैध शराब की बिक्री रुकेगी बल्कि राजस्व चोरी को भी रोका जा सकता है। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ स्थानों से शराबियों द्वारा अभद्रता किए जाने की शिकायतें प्राप्त होती रही हैं। इसका कारण दुकानों पर ही बैठकर शराब पीना भी है इसपर पूरी तरह से रोक लगाई जाए। अन्यथा जांच में पकड़े जाए जाने पर कार्रवाई सुनिश्चित है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने कहा कि सभी शराब व्यवसायी नियमों का पालन करें और पुलिस सहायता की जरूरत पड़ने पर संपर्क करें । पुलिस उनकी हर संभव सहायता सुनिश्चित करेगी। इससे पूर्व जिला आबकारी अधिकारी जितेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि बैठक का उद्देश्य न सिर्फ राजस्व वृद्धि बढ़ाने के उपायों पर चर्चा करना है, बल्कि इसका प्रमुख उद्देश्य जनपद में नियमानुसार और सुरक्षित शराब बिक्री को सुनिश्चित करना है। उन्होंने सभी थोक और फुटकर अनुज्ञापियों से कहा कि लाइसेंस हेतु निवेश मित्र पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करा लें। बैठक में अपर उपजिलाधिकारी अविनाश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# संपत्ति के विवाद में बेटे व बहू ने मां–बाप को पीटा

महराजगंज । फरेंदा थाना क्षेत्र के पोखरभिडा गांव में बेटे व बहू ने माता–पिता को पीट–पीटकर घायल कर दिया था, जिसकी शिकायत उसकी छोटी बहू ने थाने पर किया। घायल अवस्था में दोनों बुजुर्गों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी में भर्ती कराया गया। पूरे घटनाक्रम का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस हरकत में आ गई। तहरीर के आधार पर फरेंदा पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी बेटे और बहू को जेल भेज दिया। किरण ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया था कि सास चंद्रावती, ससुर फूलचंद को उसके बड़े बेटे व बहू तथा बेटी ने संपत्ति के विवाद में बेरहमी से मारपीट कर घायल कर दिया था। बुजुर्ग दंपती को ग्रामीणों की मदद से बचाया गया और उनका इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर चल रहा है। थानाध्यक्ष गिरिजेश उपाध्याय ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

# हाईस्कूल और इंटर का परिणाम आते ही खुशी से झूमे छात्र

देवरिया। यूपी बोर्ड ने वर्ष 2021 की हाईस्कूल व इंटर के रिजल्ट घोषित कर दिए। परिणाम आते छात्र व छात्राएं खुशी से झूम उठीं। इस बार मेरिट जारी नहीं की गई। अधिकतर विद्यालयों का परीक्षा परिणाम बेहतर रहा है। इंटर परीक्षा की बात करें तो राजकीय इंटर कालेज की दीपशिखा यादव 84.4, अमन कुमार 83.6, मन्नो खातून 83.6, सुशांत पांडेय 82.6, सर्वेश कुमार 82, सत्यभान यादव 81, विनय प्रजापति 80, दिव्यानी पांडेय 79.6, जोगिंद्र निषाद 79.2, नितीश मद्धेशिया 79.2 फीसद रहा।प्रेस्टिज इंटर कालेज अन्नू कुशवाहा 89.6, नैना वर्मा 88.8, करीना यादव 87.6, परमेश्वर मल्ल 87.6, हर्षित राय 87.4, अंकिता सिंह 87.2, रोहित कुशवाहा 87, अभिषेक यादव 86.8, अंकिता तिवारी 86.2, स्तुति जायसवाल 86 फीसद अंक प्राप्त किया। दीनदयाल इंटर कालेज की आकांक्षा यादव 83.4, विकास यादव 81.4 फीसद अंक प्राप्त किया। कलिद इंटर कालेज शिवम यादव 85.5, शेषनाथ कुशवाहा 84.6, अनुष्का सिंह 84, श्वेता 83.8, नेहा सिंह 83.8, अदिति पासवान 83.6 फीसद अंक प्राप्त किया। सलेमपुर संवाददाता के अनुसार, इंदिरा गांधी बालिका इंटर कालेज की प्रगति श्रीवास्तव व शिवांगी ने 90, सौम्या मिश्रा ने 89, हर्षिता 88.2, गजल 87, गरिमा 86, रेखा 85.5, अंजली 85.4 फीसद अंक प्राप्त किया। हाईस्कूल में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा देवरियारू हाईस्कूल की परीक्षा में मेधावियों ने प्रतिभा साबित की। राजकीय इंटर कालेज के चंदन मद्धेशिया 89.2, सोनी विश्वकर्मा 86, अब्बू तल्हा खान 84.3, आदित्य चौहान 82.6, नीतु कुमारी 80.5, निहारिका शर्मा 79.5, दीपराज ओझा 79.6, अंविता सिंह 79.16 फीसद अंक प्राप्त किया। प्रेस्टिज इंटर कालेज के अनुभवनाथ तिवारी 85.16, अंकित कुशवाहा 93.1, शिवांगी सिंह 92.1, खुशी गुप्ता 92, नाजिश मिर्जा 91.6, रवि गुप्ता 91.6, राज कुमार गुप्ता 91.5, कृति कुशवाहा 90.8, विवेक गुप्ता 90.8, हर्षित मणि त्रिपाठी 90.3, मनीषा गुप्ता 90.1, सभ्या मिश्रा 90, अमित यादव 90, फैजल हसन 89.3 फीसद अंक प्राप्त किया। दीनदयाल इंटर कालेज की रिद्धिमा त्रिपाठी 90.16, मुस्कान मिश्रा 89, भूमि मानिक 87 फीसद अंक प्राप्त किया। कलिद इंटर कालेज के शिवम कुमार निगम ने 91, आदित्य सिंह 91, सलोनी यादव 90.16, अफजल अली 90, वेदप्रकाश राय 89.2, साधना यादव 89, निशि राय 89.3, कल्पना यादव 88.83, अभिषेक पांडेय 90.5 फीसद अंक प्राप्त किया। पकड़ीबाजार संवाददाता के अनुसार, बाबा परमहंस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसिया हीरामन के हाइस्कूल की रानी यादव 90, शिखा तिवारी 90, महक चौरसिया 85, सम्राट सिंह 84 फीसद अंक प्राप्त किया। कालेज के प्रबंधक सच्चिदानंद राव व प्रधानाचार्य सुशील तिवारी ने बधाई दी है। बाबूराम कन्हैया इंटर कालेज हरैया बसंतपुर के अमन उपाध्याय 89 फीसद अंक प्राप्त किया। स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज करायल शुक्ल की निधि गुप्ता 83.4, आविष्कार यादव 87 फीसद अंक प्राप्त किया।

# 3328 की जांच रिपोर्ट निगेटिव, पाजिटिव एक भी नहीं

देवरिया। कोरोना संक्रमण की रफ्तार जिले में धीरे–धीरे कम हो रही है। तीन दिन से एक भी रिपोर्ट पाजिटिव नहीं आई है। स्वास्थ्य विभाग ने तीसरी लहर को देखते हुए संक्रमण रोकने की दिशा में अपनी गतिविधियां बढ़ा दी है। जिला अस्पताल के अलावा ग्रामीण क्षेत्र में सीएचसी, पीएचसी पर अधिक से अधिक जांच का निर्देश सीएमओ ने दिया है। आई कोरोना जांच रिपोर्ट में 3328 की रिपोर्ट निगेटिव है जबकि एक भी रिपोर्ट पाजिटिव नहीं आई है। इसे लकर स्वास्थ्य विभाग राहत महसूस कर रहा है। कोरोना से जिले में अभी तक 218 लोगों की मौत हुई है। सक्रिय केस की संख्या नौ है। होम आइसोलेशन में सात संक्रमित मरीज भर्ती हैं। चौबीस घंटे में 3328 लोगों की सैंपलिग की गई। अभी तक कुल 783597 लोगों की सैंपलिग कर जांच की जा चुकी है। कुल कोरोना संक्रमितों की संख्या 20206 है। अभी तक 19979 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। सीएमओ डा. आलोक पांडेय ने कहा कि आज एक भी कोरोना जांच रिपोर्ट पाजिटिव नहीं आई है। कोरोना संक्रमण की रफ्तार रोकने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। लोगों को अधिक से अधिक जागरूक करने के साथ ही टीकाकरण पर जोर दिया जा रहा है। बड़ी संख्या में लोगों को टीका लग जाए इसके लिए प्रयास जारी है। बचाव को लेकर जारी है लापरवाही कोरोना संक्रमण जिले में भले हाशिये पर है लेकिन संभावित संक्रमण से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस लिया है। शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में लापरवाही से कभी भी खतरा बढ़ सकता है। सार्वजनिक स्थानों के अलावा, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, अस्पताल कहीं भी शारीरिक दूरी का पालन नहीं किया जा रहा है। अधिकांश लोग मास्क नहीं लगा रहे हैं।

# 250 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण, निःशुल्क दवाएं वितरित

भागलपुर, देवरिया। भागलपुर विकास खंड के बलिया उत्तर गांव के प्राथमिक विद्यालय परिसर में आरोग्य भारती के तत्वावधान में निश्शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। आरोग्य भारती व आयुर्वेद विभाग के संयोजन में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य परीक्षण तथा स्वास्थ्य जागरूकता व कोविड जांच किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में लगभग 250 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निश्शुल्क दवा वितरित किया गया। मुख्य अतिथि गोरखपुर की पूर्व महापौर डा. सत्या पांडेय ने कहा कि आज पूरा विश्व कोविड काल में भारतीय संस्कृति और आयुर्वेद के प्रति विश्वास जता रहा है। आयुर्वेद और योग की पूरी दुनिया में धूम मची है। लोग तेजी से आयुर्वेद और योग को अपना रहे हैं।

कहा कि आज हम अपने को स्वस्थ रखने के लिए आयुर्वेद और योग को अपना रहे हैं। पूरे भारतवर्ष में आरोग्य भारती के नेतृत्व में योग और आयुर्वेद का विकास हो रहा है। देश में योग वैलनेस सेंटर तथा हेल्थ वेलनेस सेंटर और आयुर्वेद के विश्वविद्यालय तथा आयुर्वेदिक अस्पतालों की संख्या बढ़ाई जा रही है। जिससे लोगों को सस्ती सुलभ एवं कारगर चिकित्सा मिल सके। आरोग्य भारती के प्रांतीय उपाध्यक्ष डा. अजीत नारायण मिश्र ने कहा कि आज पूरी दुनिया में योग और आयुर्वेद की धूम मची है। पूरा विश्व भारतीय चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद और योग का लोहा मान चुका है। जिला पंचायत सदस्य अरविद कुमार पांडेय ने कहा कि आज पूरा विश्व आयुर्वेद और योग का मुरीद हो चुका है और लोग तेजी से आयुर्वेद की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। आयोजक जिला पंचायत सदस्य अरविद कुमार पांडेय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आरटीपीसीआर जांच 80 तथा एंटीजन जांच 40 लोगों का किया गया। इस अवसर पर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय मौना गढ़वा के योग प्रशिक्षक ममता तिवारी, विवेकानंद मिश्र, धर्मेश पांडेय, दीपा तिवारी, जिला पंचायत सदस्य अरविद पांडेय, डा. गोविद कुमार वर्मा, फार्मासिस्ट राम गणेश शर्मा, दिनेश सिंह, डा. महताब आलम, ग्राम प्रधान सागर पासवान, सोनू पांडेय, रामकृपाल पांडेय, महेंद्र पांडेय, मनेंद्र पांडेय, राम नवल यादव आदि उपस्थित रहे।

# एनएमसी शीघ्र परखेगा मेडिकल कालेज का मानक

देवरिया । महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज को शुरू करने की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दौरे के बाद युद्ध स्तर पर दिन रात कार्य किया जा रहा है। अधिकांश भवन बनकर तैयार हैं। साज सज्जा व फीनिशिग का कार्य हो रहा है। डाक्टरों की नियुक्ति के अलावा एनएमसी के मानक पूरा करने का कार्य किया जा रहा है। मेडिकल कालेज का निर्माण कार्य 75 प्रतिशत से अधिक हो चुका है। जिसमें प्रथम एलओपी का कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रशासनिक भवन, शैक्षणिक भवन, कार्यालय, कालेज काउंसिलिग कक्ष, डायरेक्टर बंगला, ब्वायज, गर्ध्ल्स हास्टल, नर्सेज हास्टल, टाइप टू, टाइप थ्री, फोर व फाइव आवास तैयार है। इसके अलावा 120 बेड अस्पताल, गर्ध्ल्स ब्वायज इंटर्न, मल्टीपरपज हाल निर्माणाधीन है। 70 फीसद से अधिक कार्य हो चुके हैं। तीन फैकल्टी शुरू करने की तैयारी एमबीबीएस प्रथम वर्ष में पढ़ाई का कार्य शुरू करने के लिए सबसे पहले एनाटामी, बायोकेमेस्ट्री, फिजियोलाजी की पढ़ाई शुरू होगी। इन तीनों फैकल्टी में पढ़ाने के लिए चिकित्सा शिक्षकों की तैनाती कर ली गई है। डाक्टर हर रोज प्रशासनिक भवन में बैठ रहे हैं। फिलहाल वह प्रधानाचार्य के साथ मेडिकल कालेज के कार्यों को पूरा कराने में जुटे हैं। 51 के सापेक्ष 29 चिकित्सा शिक्षकों का हुआ चयन– महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में कुल 52 चिकित्सा शिक्षकों की तैनाती होनी है। अभी तक 29 प्रोफेसरों का चयन किया गया है। मानक के अनुसार डाक्टर ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। जूनियर रेजीडेंट के सभी 50 पदों पर नियुक्ति कर दी गई है। सीनियर रेजीडेंट में 24 के सापेक्ष नौ का चयन किया गया है। इन बिदुओं पर भी रहेगी एनएमसी की नजर– नेशनल मेडिकल कमीशन यानी एनएमसी बिना जानकारी दिए ही अचानक जांच के लिए पहुंचता है। टीम निर्धारित समय में सभी डाक्यूमेंट चेक करते हैं। अस्पताल व मरीजों को दी जाने वाली सुविधाओं की चेकलिस्ट इतनी बड़ी है कि उसे पूरा करने में पसीना छूट रहा है। अभी कई ऐसे नए विभाग हैं जिसे शुरू करना है।

उसमें एक भी चिकित्सा शिक्षक की तैनाती नहीं हो सकी है। जिसमें कार्डियो विभाग, फोरेंसिक विभाग, एसपीएम विभाग, इमरजेंसी मेडीसीन विभाग में किसी चिकित्सक की तैनाती नहीं हो सकी है। मेडिकल कालेज के मानक के हिसाब से दिनरात कार्य किया जा रहा है। चिकित्सा शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया चल रही है। एनएमसी के आने का इंतजार है। तैयारियां अंतिम दौर में है।

# अपहृत किशोरी के साथ पकड़ा गया युवक

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। पुलिस अधीक्षक द्वारा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे है अभियान में फरेंदा पुलिस ने रविवार को अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया साथ ही अपहरण के आरोपी युवक को भी पकड़ कर जेल भेज दिया। फरेंदा थाना क्षेत्र के जंगल जोगिया बारी निवासी नाबालिग किशोरी कौशल्या पुत्री भागवत का एक युवक ने अपहरण कर लिया था। परिजनों की लिखित तहरीर पर मुकामी पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर रही थी। रविवार को मुखबिर के जरिए सूचना मिली की एक युवक व किशोरी संदिग्ध अवस्था में थाना क्षेत्र के विश्रामपुर चौराहे पर खड़े हैं और कहीं जाने की फिराक में हैं। पुलिस सक्रियता दिखाते हुए मौके पर पहुंची और युवक और किशोरी को रोक लिया। उन दोनों को लेकर पुलिस थाने आई और पूछताछ किया आरोपित युवक ने अपना नाम प्रमोद यादव पुत्र माधवयादव निवासी पोखरभिंडा थाना जोगिया उदयपुर जनपद सिद्धार्थनगर बताया। उसने बताया कि किशोरी को वह अपने साथ ले गया था। पुलिस ने किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। वहीं आरोपी युवक के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक विजय कुमार द्विवेदी, साहब यादव, आनंद साहनी, जूही सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



# तेज आवाज वाली बाइक चलाने वाले हो जाएं सावधान, की जाएगी कार्रवाई:एसपी ट्रैफिक

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर। वायु व ध्वनि प्रदूषण तथा प्रेशर हॉर्न को रुकने के लिए दो दिवसीय चलाए जा रहे विशेष अभियान को क्षेत्रवार भी चलाया जाएगा प्रतिदिन अभियान। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी के निर्देश पर ध्वनि व वायु प्रदूषण से आम जनमानस को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो उस पर प्रभावी कदम उठाने के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक रामसेवक गौतम ने टीआई सुनील कुमार सिन्हाल अख्तियार अहमद अंसारी विनोद कुमार सहित अन्य ट्रैफिक जवानों के साथ पुलिस लाइन व्हाइट हाउस में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि दो दिवसीय विशेष अभियान चलाकर वायु व ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों पर कार्यवाही करने के लिए कड़ा संदेश दिया श्री गौतम ने बताया कि वायु व ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रण करने के लिए यातायात पुलिस प्रेशर हॉर्न और धुआं उगल रहे वाहनों की निगरानी करनी शुरू कर दी है। वहीं ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिस कर्मियों को ऐसे वाहनों की मौके पर ही धरपकड़ कर चालान करने का निर्देश दिया।

टू व्हीलर फोर व्हीलर वाहन चालक प्रेशर हॉर्न लगाकर नहीं चल सकेंगे कुछ वाहन चालक अपने वाहनों में भोंपू जैसे हार्न अलग से लगवा लेते हैं जिससे आम जनमानस को चिड़चिड़ापन स्वास्थ समस्याएं आती हैं उन वाहन चालको पर कार्यवाही तत्काल करे जिससे आम जनमानस को किसी प्रकार की दिक्कत ना हो।ऑटो रिक्शा अतिरिक्त ध्वनि या वायु प्रदूषण कर रहे हैं उन पर ध्वनि प्रदूषण के साथ–साथ 207 मोटर व्हीकल एक्ट के अधीन कार्रवाई की जायेगी ऑटो या फोर व्हीलर में अलग से बम्फर लगाए हुए पाए जाते हैं तो उनके ऊपर कार्यवाही करें क्षेत्रवार प्रतिदिन अभियान जारी रहेगा।

# मूल नाम से जारी हो आरक्षण प्रमाण–पत्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

हाटा/कुशीनगर।सैंथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा मूलनाम से आरक्षण प्रमाण पत्र निर्गत करवाने की मांग को लेकर दृण संकल्पित है मुलनाम से आरक्षण प्रमाण पत्र को लेकर सैंथवार मल्ल बिरादरी में अब अलख जाग चुकी है उत्तर प्रदेश शासन में बैठे कई मंत्रियों ने भी इस मांग का समर्थन किया है प्रदेश सरकार से शासनादेश जारी कराने को लेकर मोर्चा एक कदम भी पीछे नहीं हटेगा सैंथवार मल्ल स्वाभिमान मोर्चा के तत्वाधान में विधानसभा क्षेत्र 334 हाटा क्षेत्रान्तर्गत विकास खण्ड सुकरौली के ग्राम पंचायत शंखापार माफी के अहिरौली ग्राम सभा में बैठक के दौरान मुलनाम से आरक्षण प्रमाण पत्र जारी करवाने की मांग करने की बात हुई बैठक की अध्यक्षता कर रहे इंजीनियर मनोज सिंह सैंथवार ने कहा वर्षों से संबंधित मांगों के प्रति सरकार चुप्पी साधे है पूर्वांचल में अपना बहुमूल्य वोट देकर सरकार बनाने में संगठन ने कोई कसर नहीं छोड़ी है लेकिन सरकार हमारी मांगे को अनसुना कर रही है श्री सिंह ने कहा कि यदि सरकार हमारे मांग को पूरा नहीं करेगी तो बिरादरी के लोगों को भाजपा के समर्थन के बारे में गंभीरता से सोचना पड़ेगा बैठक में पूर्वांचल के लोगों को एकजुट करने का संकल्प लिया गया संतोष सिंह के नेतृत्व में आयोजित हुई बैठक में मूलनाम से आरक्षण प्रमाण पत्र जारी करवाने की मांग करने के लिए आवाज उठाई गई बैठक में मुख्य रूप से रामरक्षा सिंह सुधाकर सिंह अर्जुन सिंह गुड्डू सिंह धर्मेंद्र सिंह अमरेन्द्र सिंह कुलदीप सिंह यशवंत सिंह डिम्पल,बृजेश सिंह अनिल सिंह रजनीश सिंह सुधीर सिंह आदि लोगों ने सम्मिलित होकर एक स्वर में आपसी एकता एवम मुलनाम से आरक्षण प्रमाण पत्र जारी करने की आवाज बुलंद किया



# पुलिस के नाक के नीचे हो रही है उर्वरक खाद की तस्करी

## प्रशासनिक संलिप्तता बना तस्करी, महंगाई का मुख्य कारण

दैनिक बुद्ध का संदेश

नौतनवा/महराजगंज। सीमावर्ती गांवों के किसान उर्वरक की महंगे दामों पर भी फसलों का पैदावार बढ़ाने के लिए खरीदारी करने को विवश हैं। सीमावर्ती गांवों के किसान उर्वरक की महंगे दामों पर भी फसलों का पैदावार बढ़ाने के लिए खरीदारी करने को विवश हैं, और इस उर्वरक के महंगाई का कारण भारतीय सीमा से नेपाल को होने वाली तस्करी है। जिससे भारतीय सीमा क्षेत्र के किसान खेती के सीजन में भारत से नेपाल को होने वाले उर्वरक तस्करी के कारण बढते खाद के दामों से हमेशा परेशानियों का सामना करते रहते हैं। जानकारी के मुताबिक नौतनवा, रसामलिक, बरगदवां, सोनौली ठूठीबारी थाना क्षेत्रों में कुछ स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से हर दिन कुछ कथा कथित तस्कर खाद की तस्करी को अंजाम देते हैं। यह तस्कर भारतीय सीमा क्षेत्र में स्थित खाद की दुकानों से खाद की बोरियां नेपाल पहूचाने का कार्य करते हैं, और कुछ प्रशासन के लोग इन तस्करों से वसूली कर अपना जेब गर्म करते रहते हैं। कारण यही है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न वस्तुओं की तस्करी का चर्चा आम हो गया है। ऐसा ही एक मामला सोनौली थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत जगरनाथ पुर का प्रकाश में आया है, जहां नौतनवां ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर ही एक खाद तस्कर अपनी मोटरसाइकिल पर तीन बोरी खाद लाद कर तस्करी के उद्देश्य से नौतनवां की तरफ जा रहा था। तभी दो वर्दी धारी उस व्यक्ति को रोककर उससे पूछताछ करने लगते हैं। जिसके बाद वह तस्कर अपना मोबाइल फोन निकाल कर अपने सरगना से उन वर्दीधारियों की बात कराता है, जिसके बाद तस्कर अपने रास्ते और वर्दीधारी अपने रास्ते रवाना हो जाते हैं। इस प्रकार हो रही खाद की तस्करी से जहां किसान परेशान हैं, वहीं प्रशासनिक अधिकारियों पर उनके सुरक्षा को लेकर लोग सवालिया निशान खडे कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि चंद रुपयों के जब प्रशासन ही तस्करी को सह दे रहा है तो आम लोगों को इसका खामियाजा भुगतना तो पडेगा ही।

# कानपुर देहात में वैक्सीनेशन के नाम पर दस दस रुपये वसूली

अनूप त्रिपाठी/
दैनिक बुद्ध का संदेश

कानपुर। उत्तर प्रदेश में केंद्र के साथ राज्य सरकार भले ही कोरोना वायरस संक्रमण की वैक्सीन निरूशुल्क लगवा रही है लेकिन दलाल यहां भी आपदा को अवसर बना रहे हैं। मामला कानपुर देहात का है जहां पर वैक्सीन लगवाने के नाम पर दस–दस रुपया वसूला जा रहा है। प्रकरण सामने आने पर कानपुर देहात जिला प्रशासन ने तत्काल ही प्रकरण की जांच कराने के बाद पीड़ितों को कार्रवाई का आश्वासन दिया है। कानपुर देहात जिले के एक सेंटर पर वैक्सीनेशन के नाम पर वसूली का मामला सामने आया है। यहां पर लोगों से वैक्सीनेशन के लिए दस दस रुपये वसूले जा रहे थे। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद मामले में तूल पकड़ लिया। कानपुर देहात में वायरल वीडियो राजपुर विकास खण्ड के रमऊ गांव का है। यहां पर ग्रामीणों ने वैक्सीनेशन के नाम पर पैसा मांगने पर जमकर हंगामा किया। इसके साथ ही ग्रामीणों ने मामले की शिकायत ग्राम प्रधान से की। ग्राम प्रधान ने वहां जाकर स्वास्थ्यकर्मियों को जमकर फटकार लगाई। इसके साथ ही ग्रामीणों से वसूले गए रुपयों को वापस कराया गया।



वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल होने के बाद हंगामा बढ़ गया। वीडियो वायरल होने के बाद कानपुर देहात का जिला प्रशासन हरकत में आ गया। मामले की जांच करा दोषियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। राजपुर विकास खण्ड के रमऊ गांव में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को वैक्सीनेट करने के लिए स्वास्थ्य टीम रमऊ गांव में थी लेकिन टीम ने वैक्सीनेशन के नाम पर दस दस रुपया की वसूली शुरू कर दी। इस हरकत से ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया। ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया और शिकायत ग्राम प्रधान जमाल अहमद से की। ग्राम प्रधान ने मौके पर पहुंचने के बाद स्वास्थ्य टीम को जमकर फटकार लगाई। स्वास्थ्य टीम से ग्रामीणों को पैसे वापस कराए। इंटरनेट मीडिया पर वायरल वीडियो में साफ तौर पर ग्रामीणों को पैसे वापस करता एक व्यक्ति दिख रहा है जिसे स्वास्थ्य टीम की महिला सदस्य उसे अपना ड्राइवर बता रही है। वीडियो वायरल होने के बाद कानपुर देहात जिला प्रशासन हरकत में आ गया है और मामले की जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कानपुर देहात के स्वास्थ्य महकमे ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वैक्सीनेशन के नाम पर अवैध धन की वसूली का वीडियो वायरल होने के मामले की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद सभी दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# राम के नाम पर कार्यकर्ताओं को जगायेगी विश्व हिंदू परिषद

अनूप त्रिपाठी/
दैनिक बुद्ध का संदेश

कानपुर। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव करीब आते ही विश्व हिंदू परिषद ने अपनी सक्रियता तेज कर दी हैं। कानपुर के डिफेंस कॉलोनी सरस्वती स्कूल में विश्व हिंदू परिषद की प्रांतीय बैठक हुई। हालांकि संगठन ने इस बैठक को किसी राजनीति बैठक की बात से इनकार किया है। बैठक में आने वाले 6 महीने में किए जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बताया जा रहा है कि मीटिंग में तय किया गया है कि कार्यकर्ताओं को फिर से सक्रिय करें उनके माध्यम से राम मंदिर निर्माण को लेकर जन व्यापी आंदोलन चलाया जाएगा। मीटिंग में मंदिर निर्माण की जमीन की खरीद में घोटाले के आरोपों से घिरे श्रीराम मंदिर तीर्थ–क्षेत्र न्यास के सचिव चंपत राय भी पहुंचे थे। मीटिंग में तय किया गया कि राम मंदिर निर्माण के बारे में लोगों को घर घर जानकारी दे जाएगी। चौपाल, प्रभात फेरी जैसे कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। राम मंदिर का निर्माण तेजी से शुरू हो चुका है। 2023 समाप्त होने से पहले इसका निर्माण पूरा हो जाएगा। जहां गर्भगृह बनने वाला है। वहां भगवान राम की स्थापना और श्रद्धालुओं का दर्शन करना शुरू हो जाएगा। इसकी धार्मिक पौराणिक विशेषताओं को जन जन तक पहुंचाने का कार्य विहिप परिषद करेगी। शहरों में जन जागरण अभियान के तहत कोरोना के प्रभाव को देखते हुए मीटिंग की जाएंगी और प्रभात फेरी निकाली जाएगी। अभियान के तहत लोगों को राम मंदिर की विशेषताओं के बारे में बताया जाएगा। राम मंदिर कैसा होगा उसके बारे में लोगों को जानकारी दी जाएगी। गांव–गांव चौपाल लगाने की भी योजना तैयार की गई है। जिससे राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण की खूबियों को लोग जान सकें। राम मंदिर निर्माण के लिए खरीदी गई जमीन के घोटाले को लेकर चर्चायों में आये चंपत राय प्रांतीय बैठक में प्रमुख रूप से शामिल हुए। लेकिन वो मीडिया की नजरों से बचते हुए दिखाई दिये। मीडिया ने जब उनसे बात करने की कोशिश की तो वो पीछे की ओर अपनी गाड़ी सीधे अंदर की ओर ले गए। आज की बैठक में विहिप के 21 जिलों के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। जिसमे उपाध्यक्ष चंपत राय के अलावा मुख्यतौर पर राम मंदिर ट्रस्ट के महामंत्री अशोक तिवारी, अम्बरीष, गजेंद्र आदि मौजूद रहे।

# नगरपालिका परिषद हाटा द्वारा सामूहिक विवाह समारोह संपन्न हुआ

दैनिक बुद्ध का संदेश

हाटा कुशीनगर |मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कुशीनगर जनपद के नगरपालिका परिषद हाटा के सेलिब्रेशन मैरेज हाल परिसर में भव्य आयोजन हुआ इसमें 60 हिन्दू वर–वधू विवाह के पवित्र बंधन सूत्र में बंधे सांसद विजय कुमार दूबे ने आशीर्वाद देकर मुख्यमंत्री की संचालित इस महत्वाकांक्षी योजना को उत्तम कोटि की योजना करार देते हुए जिला प्रशासन व जनप्रतिनिधि पार्टी कार्यकर्ताओं से इस योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार किये जाने की अपेक्षा की ताकि अधिक से अधिक गरीब परिवारों को इस योजना का लाभ दिलाया जा सके सांसद विजय दुबे ने कहा कि इस वर वधु के कार्यक्रम में जिन लोगों ने उन्हे आशीर्वाद देने के लिये बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है मैं उन सभी का तहे दिल से धन्यवाद दे रहा हूँ उन्होंने यह भी कहा की हमें मिलकर महिला सशक्तिकरण को और मजबूती प्रदान करना है उन्होंने कहा कि देश की मजबूत सरकार के वजह से ही कोरोना महामारी जैसी विषम परिस्थितियों में भी अपने देश के विकास की रफ्तार कभी कम नही हुई उन्होंने ने बताया की आपके हाटा सीएचसी सेंटर पर आक्सीजन प्लांट के काम में आ रही अड़चनों को बहुत जल्द दूर किया जायेगा इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय दुबे विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक पवन केडिया प्रदेश सह संयोजक बिना कुमारी गुप्ता बेटी बचाओ– बेटी पढ़ाओ, कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष प्रेमचंद्र मिश्रा ने किया सम्मानित अतिथिगणों में जयप्रकाश शाही पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा संतोष दत्त राय जिला महामंत्री भाजपा नगर पालिका अध्यक्ष मोहन वर्मा ,जिला समाज कल्याण अधिकारी कुशीनगर रश्मि मिश्रा,उपजिलाधिकारी प्रमोद तिवारी श्रीमती मीना गुप्ता संतोष श्रीवास्तव, ईओ अजय सिंह, ग्रापए. तहसील अध्यक्ष हाटा वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार,अग्निवेश मणि त्रिपाठी,राजेश गुप्ता सोनू जायसवाल उदयभान कुशवाहा ज्ञानविक्रम सिंह, प्रकाश मिश्र राजेश यादव सभासद रणजीत सिंह हामिद अंसारी, मनोनीत सभासद मुंशी सिंह बूथ अध्यक्ष सुबास सिंह एवं प्रिंट मीडिया व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठ पत्रकारगण उपस्थित थे



# वैभव ने 94.8 प्रतिशत अंक ला कर किया अपने माता–पिता का नाम रोशन



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला, गोरखपुर। इण्टरमीडिएट सीबीएसई के छात्र वैभव त्रिपाठी पुत्र संतोष त्रिपाठी ने 94.8: अंक पा कर अपने माता–पिता का नाम रोशन किया। वैभव वार्ड नंबर 9, गोला, गोरखपुर के निवासी हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता और गुरुजनों को दी। आगे चलकर वैभव इंजीनियरिंग करना चाहते हैं।

## विधायक ने एक कक्षीय भवन का किया लोकार्पण

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोला/गोरखपुर |विकास खण्ड गोला के रघुनाथपुर मे स्थित के डी मेमोरियल पब्लिक जू.हा.स्कूल के एक कक्षीय भवन का



लोकार्पण रविवार को स्थानीय विधायक विनय शंकर तिवारी ने किया |बतौर मुख्य अतिथि भवन का लोकार्पण करते हुए उन्होंने कहा कि शिक्षा सभी के लिए बहुत ही आवाश्यक है |यह प्रत्येक क्षेत्र मे आगे बढने का अवसर प्रदान करती है |शिक्षित व्यक्ति ही समाज की दिशा निर्धारित करता है |इसलिए प्रत्येक को शिक्षा के लिए बाध्य करें |कार्यक्रम की अध्यक्षता गदाधर दूबे व संचालन सत्यप्रकाश यादव ने किया |इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक विपिन मिश्रा, विपिन पांडेय, अतुल दूबे,सुनील दूबे, शनी तिवारी, गणेश मिश्रा, अनिल मिश्रा,शशिकांत दूबे, सर्वेश राय, अरविंद तिवारी, राजनरायन तिवारी, अभिषेक राय, भोलू राय, गोलू राय, रविंद्र यादव,अरुण तिवारी, संजय पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# कानपुर के आईडीबीआई बैंक के बाहर युवक की नृशंस हत्या

अनूप त्रिपाठी/
दैनिक बुद्ध का संदेश

कानपुर। रविवार सुबह 30 साल के युवक की नृशंस हत्या का मामला सामने आया है। आईडीबीआई बैंक व एटीएम बूथ के बाहर खून से लथपथ शव देख इलाके में अफरा–तफरी मच गई। पुलिस के मुताबिक ईंट से सिर पर कई वार कर करके हत्या की गई है। मृतक की शिनाखध्त के प्रयास किए जा रहे हैं। वारदात उस्मानपुर चौकी से चंद कदम की दूरी पर हुई। इसके बावजूद पुलिस को भनक तक नहीं लग सकी। घटना नौबस्ता बाईपास–हमीरपुर रोड की है। यहां स्थित आईडीबीआई बैंक व एटीएम बूथ के बाहर एक 30 साल के युवक का शव पड़ा था। स्थानीय लोगों ने सूचना पर नौबस्ता थाना प्रभारी सतीश सिंह, एडीसीपी डॉ.अनिल कुमार और एसीपी विकास पांडे के साथ ही फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। रविवार की छुट्टी के चलते बैंक बंद था। ऐसे में बैंक कर्मियों को बुलाया गया। पुलिस के मुताबिक ईंट से युवक के सिर पर कई वार किए गए हैं। घटनास्थल पर संघर्ष के कोई निशान नहीं मिले हैं। एक से ज्यादा लोगों ने घटना को अंजाम दिया है। तभी युवक को भागने या संघर्ष करने का मौका नहीं मिला। शाखा प्रबंधक ने बताया कि एटीएम बैंक व बूथ के बाहर लगे सीसीटीवी खराब हैं। उनकी मरम्मत के लिए संबंधित कंपनी को पत्र भेजा गया है। एडीसीपी डॉ.अनिल कुमार ने बताया कि पुलिस अब इलाके के आसपास लगे सीसीटीवी की रिकॉर्डिंग से हत्यारों की शिनाख्त करने का प्रयास पुलिस कर रही है। एटीएम बूथ के बाहर शव मिलने से पुलिस लूट के बाद भी हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक के शव के पास मोबाइल व अन्य ऐसे दस्तावेज नहीं मिले हैं जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस लूट के एंगल पर भी जांच कर रही है।

# धमाकेदार ओपनिंग के साथ भोजपुरी फिल्म प्रीतम प्यारे का ट्रेलर लांच

## बस्ती के निवासी संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में बनी है फिल्म प्रीतम प्यारे

बस्ती। भोजपुरी सिनेमा नें बदलाव की नई दास्तान लिखना शुरू कर दिया है इसका ताजा उदाहरण भोजपुरी फिल्म प्रीतम प्यारे है. जिसका ट्रेलर शनिवार को बी4यू भोजपुरी ऑफिसियल यूट्यूब चौनल पर लांच किया गया है. इस फिल्म का निर्देशन बस्ती जिले के रहने वाले भोजपुरी सिनेमा के टॉप निर्देशक संजय श्रीवास्तव द्वारा किया गया है. जबकि निर्माता संदीप सिंह व अरविन्द कुमार अग्रवाल हैं.

भोजपुरी फिल्म प्रीतम प्यारे का ट्रेलर लांच होने के बाद बी4यू भोजपुरी ऑफिसियल यूट्यूब पर इसे खूब पसंद किया जा रहा है .फिल्म के ट्रेलर में जाने माने अभिनेता और दिनेश लाल यादव के छोटे भाई प्रवेशलाल यादव तीन–तीन हीरोइनों के साथ रोमांस करते नजर आ रहें हैं. ट्रेलर में पति पत्नी के बीच होने वाला नोकझोक को बड़े ही चुटीले अंदाज में पेश किया गया है. इस फिल्म में सीरियस अभिनेता विनोद मिश्रा की कॉमिक टाइमिंग भी जबरदस्त रही है. फिल्म में रिचा दीक्षित, यामिनी सिंह और खुशबू झा की जोड़ी खूब धमाल मचाती नजर आ रही है. ट्रेलर को देख कर लगता है की भोजपुरी में नए परिपाटी की शुरुआत हो चुकी है और इसका श्रेय निर्माता संदीप सिंह को जाता है. माना जा रहा है कि संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में बनी यह फिल्म नया इतिहास रचेगी. फिल्म का ट्रेलर देख दर्शक खासे उत्साहित हैं जो अब फिल्म के रिलीज होने का इन्तजार कर रहें हैं. इस फिल्म नें खबर लिखे जाने तक बी4यू के यूट्यूब चौनल पर दो लाख के ब्यूअर का आंकडा पार कर लिया था. इससे सहज ही अंदाज लगाया जा रहा है की फिल्म सफलता के सारे रिकार्ड तोड़ेगी. फिल्म के ट्रेलर को देख कर लगता है की प्रवेश लाल यादव , रिचा दीक्षित , यामिनी सिंह , खुशबु झा , विनोद मिश्रा के अलावा बाकी कलाकार सोनिया मिश्रा, रितु पांडेय , उमाकांत राय , सुजीत सार्थक , रवि तिवारी ,राज द्रिवेदी ,आर .के .गोस्वामी , बाल मुकुंद , परमानन्द तिवारी , मनीषा यादव भी अपने अभिनय से दर्शकों निराश नहीं करेगे. इस फिल्म को संगीत दिया है अमन श्लोक नें और हैं गीतकार प्यारेलाल यादव और अरविन्द तिवारी जबकि गायक प्रवेश लाल यादव , मोहन राठोड , अलका झा , शिल्पी राज , पूनम पांडेय और विजय चौहान हैं. फिल्म का कथा पटकथा व संवाद राजन अग्रवाल नें लिखा है जबकि छायांकन विकास पांडेय नें किया है. इस फिल्म में कोरियोग्राफी प्रवीण सैलार की है और आर्ट डायरेक्टर संजय कुमार हैं जबकि कार्यकारी निर्माता सुभाष चव्हाण संदीप सिंह और अरविन्द कुमार अग्रवाल हैं. इस फिल्म का म्यूजिक, सेटेलाई और डिजिटल पार्टनर कॉपीराइट बी4यू के पास है. इस टीम में प्रोमो एडिटर के रूप में दिलीप प्रसाद, एडिटर गणेश और शैखध शाकिर हैं. जबकि ग्राफिक गौरव कदम है बी4यू टीम के रूप में मारुदा शर्मा, नेहा उपाध्या, विशाल यादव हाई क्यू टीम में हितेश यादव नें अपनी भूमिका निभाई है. प्रजेक्ट मैनेजमेंट का काम अरविन्द यादव नें संभाला है जबकि टेक्निकल एडिटर व डपोस्ट सुपरविजन भीकू वांगने का है और फिल्म के निर्माण नियंत्रक रौनक मिश्रा हैं .




# सरैया चीनी मिल की सम्पत्ति की नीलामी 3 अगस्त को

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर |चौरीचौरा के तहसीलदार वीरेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि जनपद की नौ वर्ष से बंद पड़ी सरैया चीनी मिल, सरदारनगर की संपत्ति की नीलामी की 3 अगस्त को चौरीचौरा तहसील सभागार में निर्धारित किया गया है। उन्होंने लोगो से नीलामी में भाग लेने की अपील किया है। गन्ना किसानों व मिल श्रमिको के बकाए भुगतान को लेकर जारी आरसी के लिए उच्च न्यायालय के आदेश पर तहसील प्रशासन द्वारा मिल की संपत्ति कुर्क की गई थी। उसी के तहत नीलामी की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।'

**पूर्व में पचास से अधिक बार लग चुका है नीलामी तिथि'**

'इससे पूर्व लगभग पौने दो अरब की सम्पत्ति की नीलामी के लिए दर्जनों बार तिथि तय की गई थी लेकिन नीलामी में कोई उपस्थित होकर बोली नही लगाया। अब एक बार फिर तिथि निर्धारित की गई है।'

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

हरपालपुर/हरदोई। ब्लॉक मुख्यालय पर आयोजित सम्मान समारोह में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में भाजपा सांसद जयप्रकाश रावत ने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में बहुत से ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की मृत्यु हो गई। जिनको वह श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के सात साल के कार्यकाल में सभी क्षेत्रों में विकास की गंगा बही है। भाजपा जिला अध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कहा कि ब्लाक प्रमुख पद के चुनाव में पार्टी ने जितेंद्र राजपूत को प्रत्याशी घोषित किया था |जो धनबल के आगे हार गये |जो चक्र टूटा है उसे क्षेत्रीय विधायक,सांसद 2022 में भाजपा की बनने पर पूरा करेंगें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ब्राह्मण हितैषी है। उन्होंने विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि एक बार 2022 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार पुनः बनने पर गुंडा माफिया जमीन कब्जा करने वालों थाने की दलाली करने वाले लोग सवायजपुर विधानसभा में नहीं दिखाई देंगे। देश के प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ईश्वर के देवदूत हैं उनके जैसा ईमानदार व्यक्ति संसार में पैदा नहीं हुआ है ना होगा। मोदी और योगी की टक्कर वही ले सकता है जो बलिदान,त्याग समर्पण की भावना रखता है ना की दलाल देश और प्रदेश को लूटने वाले गोली चलाने वाले, 370 धारा का विरोध करने वाले ,हिंदू मुस्लिम की राजनीति करने वाले लोग मोदी योगी को हरा नहीं सकते। ना ही हमारे समाज को तोड़ सकते हैं |क्षेत्रीय भाजपा विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने क्षेत्र के विकास का संकल्प दोहराया है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से पूरी ईमानदारी व निष्ठा से विकास कार्य कराने का आवाहन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों को जिला पंचायत की ओर से पूरा सहयोग देने का वादा किया |वहीं हरपालपुर ब्लाक प्रमुख से भाजपा समर्थित प्रत्याशी जितेंद्र राजपूत की हार का दर्द सभी नेताओं के मंच पर छलक उठा । इस मौके पर भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री पीके वर्मा,भाजयुमोके जिला मंत्री मिथिलेश सिंह भूरा,विधायक प्रतिनिधि रजनीश त्रिपाठी,युवा नेता अतुल सिंह,जितेंद्र राजपूत,अभिराम सिंह, जिला पंचायत सदस्य पति राणाप्रताप सिंह, हिमालय,सज्जाद मंसूरी, दीपांशु सिंह आदि मौजूद रहे।

## वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा गया जेल

रेउसा (सीतापुर)। रेउसा उच्चाधिकारियों एवं थानाध्यक्ष बालकृष्ण मिश्रा के निर्देशानुसार चलाए जा रहे सघन चेकिंग अभियान के तहत रेउसा पुलिस द्वारा एक नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया। आरोपी सुनील कुमार वर्मा पुत्र सुरेश प्रकाश निवासी सुपौली थाना रेउसा विभिन्न आपराधिक मामलों में आरोपित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। जिसको धारा 284, 2021, 354, 323, 504, 506 आईपीसी एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेजा गया।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा रनिंग वार्किंग



दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा चीर4इंडिया रनिंग वाकिंग भोजपुर संतरी चौराहे पर करते हुए मुख्य अतिथि युवा मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अंकित गुप्ता , माननीय शक्ति सिंह (ब्लाक प्रमुख), भाजपा के वरिष्ठ नेता परमजीत सिंह पम्मी, जिला अध्यक्ष संदीप वर्मा, मंडल अध्यक्ष श्यामू चौधरी, प्रभु जायसवाल, रामजी तिवारी, आनंद यादव चौधरी संजय चौधरी राजकुमार चौरसिया मंडल महामंत्री अजय शैनी, इम्तियाज खान (प्रधान)शैलानी मौर्या जी सूर्य नारायन मिश्रा अरविन्द कुमार पाण्डेय पं चन्द्र शेखर शर्मा, ,अनूप पाल सिंह प्रधान, पत्रकार कुशल विश्वकर्मा,शिव कुमार तिवारी सीके राना प्रधान, शिव कुमार चौरसिया अशोक भारती प्रधान, श्यामू पाल विनोद चौधरी गुलाम रजा, शिव कुमार यादव आनन्द,राजू कश्यप,विनोद कुमार गुप्ता आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बेसहारा जानवरों को गौ.आश्रय स्थलों में भेजने के लिये आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये जायें : जिलाधिकारी

## स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

सीतापुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 14 एवं 15 अगस्त को आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रमों के निर्धारण हेतु जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी कार्यक्रम पूरी गरिमा एवं उत्साह के साथ आयोजित किये जाये। उन्होंने कहा कि सभी आयोजनों में कोविड प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि तय कार्यक्रमानुसार आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाये। इसके साथ ही उक्त आयोजन के संबंध में जारी होने वाले शासनादेश में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिये कि सफाई के व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किये जाये।

इसके अतिरिक्त चिन्हित स्थलों पर सजावट इत्यादि के साथ साथ लाउडस्पीकर के माध्यम से देशभक्ति के गीत भी प्रसारित कराये जायें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि बेसहारा जानवरों को गौ.आश्रय स्थलों में भेजने के लिये आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिये कि सभी महापुरूषों की प्रतिमाओंध्मूर्तियों एवं उनके आस पास के क्षेत्रों में सफाई सजावट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। साथ ही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर माल्यार्पण इत्यादि के लिये भी पर्याप्त प्रबन्ध सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि भाषण, निबंध एवं वाद.विवाद प्रतियोगिताएं ऑनलाइन आयोजित कराये जाने हेतु आवश्यक प्रबंध किये जायें तथा विषयवस्तु का प्रसारण यूट्यूब के माध्यम से कराया जाये। जिलाधिकारी ने आम जनमानस से अपील करते हुये कहा कि नगर की स्वच्छता के लिये सभी को सम्मिलित रूप से प्रयास करना होगा। उन्होंने सभी प्रबुद्धजनों से इस सम्बंध में व्यापक जनजागरूकता चलाये जाने की अपील भी की। जिलाधिकारी ने आशा व्यक्त की कि सभी के सहयोग से कार्यक्रम पूरी भव्यता एवं गरिमा के साथ सम्पन्न कराया जाएगा। उन्होंने बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों के सुझावों पर भी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी विनय कुमार पाठक नगर मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा, परियोजना निदेशक डीआरडी एके सिंह, जिला आबकारी अधिकारी एसके दुबे सहित समस्त संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# विकास खण्ड कार्यालय खैराबाद में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिये आवश्यक निर्देश

सीतापुर। प्रभारी मंत्री स्वाती सिंह ने विकास खण्ड कार्यालय खैराबाद में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा निर्देश दिये कि शासन की प्राथमिकता वाली लाभार्थीपरक योजनाओं से अधिक से अधिक पात्रों को लाभान्वित किया जाये। सामुदायिक शौचालयों का संचालन स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कराये जाने के कार्यों की समीक्षा भी की। उन्होंने निर्देश दिये कि पात्रों को नियमानुसार प्रधानमंत्री आवास आवंटन किया जाये। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना.ग्रामीण के लाभार्थियों की सूची भी तलब की। तालाबों की सफाई के कार्य की समीक्षा करते हुये कार्य की धीमी प्रगति पर खण्ड विकास अधिकारी पर नाराजगी व्यक्त करते हुये मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि तालाबों की सफाई का कार्य तत्काल पूर्ण कराया जाये। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी योजना की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराया जाये एवं अधिक से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाये। महिलाओं का भी पर्याप्त प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि विकास खण्ड के सभी कर्मचारियों को वृक्षारोपण के लिये प्रेरित किया जाये तथा प्रत्येक कर्मचारी द्वारा एक.एक पेड़ गोद अवश्य लिया जाये। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा करते हुये प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिये कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से वितरित होने वाला ड्राई राशन समय से वितरित कराया जाये। ड्राई राशन उठान में विलम्ब होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुये डीसीएनआरएलएम को निर्देश दिये कि लापरवाही करने वाले स्वयं सहायता समूहों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें। ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ बैंकिंग सेवा उपलब्ध कराये जाने हेतु चयनित बीसी सखी के प्रशिक्षण के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पूर्ण कराये जाने के निर्देश डीसीएनआरएलएम को दिये। वृद्धावस्था पेंशन व निराश्रित महिला पेंशन के लम्बित आवेदनों का सत्यापन तत्काल पूर्ण कराते हुये अधिक से अधिक पात्रों को लाभान्वित करने के निर्देश दिये। बाल सेवा योजना एवं कन्या सुमंगला योजना की समीक्षा भी की। विद्युत विभाग की शिकायतें मिलने पर उपखण्ड अधिकारी खैराबाद क्षेत्र को कड़ी फटकार लगाते हुये निर्देश दिये कि जनता की शिकायतों को गम्भीरता से सुनकर उनका प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाये तथा चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार की लापरवाही मिलने पर निलम्बन की कार्यवाही भी की जा सकती है। कोविड काल में अन्त्योदय राशन कार्ड बनाये जाने के लम्बित आवेदनों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा भी की। आवेदनों का सत्यापन कराकर पात्रों को लाभान्वित कराये जाने के निर्देश दिये। प्रभारी मंत्री श्रीमती सिंह ने पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बेसहारा पशुओं के रख.रखाव का विशेष ध्यान रखा जाये तथा अधिक से अधिक पशुओं को गौ संरक्षण केन्द्र में संरक्षित किया जाये। उपजिलाधिकारी सदर को निर्देश दिये कि आवश्यकता के अनुसार धान खरीद केन्द्रों की संख्या बढ़ायी जाये। पुलिस क्षेत्राधिकारी को कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुये कहा कि प्रकरणों को निर्धारित समयावधि में निस्तारित किया जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 मधु गैरोला, जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार पाण्डेय, भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कघाकार मुंशी प्रेमचंद भारतीयता के सच्चे प्रतीक थे : आशीष मिश्रा

सीतापुर। अपनी लेखनी से आम लोगों के अंतर्मन को छूकर उनकी समस्याओं को मार्मिक रूप में चित्रित करने व समाज में प्रेम–भाईचारे का संदेश देने वाले कलम के सिपाही श्शमुंशी प्रेमचन्दश्शकी 141वीं जयंती पर शहीद पार्क स्थित हिंदी सभा के नरोत्तम सभागार में व्याख्यान का आयोजन हुआ। कथा सम्राट मुंशी प्रेंचन्द द्वारा लिखे उपन्यास आज भी युवाओं को मानवता व राष्ट्रभक्ति का पाठ सिखाते हैं। प्रेमचंद जयंती हिंदी समाज का भव्य सांस्कृतिक उत्सव है। मुंशीजी दो भाषाओं को एक साथ जोडने वाले महान साहित्यिक सूत्रधार हैं। उन्होंने हिंदी और उर्दू दोनों ही साहित्य विधाओं में आधुनिकता और यथार्थ वाद का प्रवर्तन किया। भारत के ग्रामीण परिवेश के किसान वर्ग के सबसे बड़े पक्षकार प्रेमचंद एक ऐसा आईना हैं। जिसमें न सिर्फ हमारे समाज का अतीत और वर्तमान दिखता है, बल्कि भविष्य के संकेत भी छिपे हैं, जो उन्हें आज और भी ज्यादा प्रासंगिक बनाता है। उक्त उदगार जयंती उत्सव पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में बोलते हुए हिंदी सभा के अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने कहे। साहित्यकार उदय प्रताप त्रिवेदी ने चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि प्रेमचंद हिन्दी के पहले साहित्यकार थे, जिन्होंने पश्चिमी पूंजीवादी एवं औद्योगिक सभ्यता के संकट को पहचाना और देश की मूल कृषि संस्कृति तथा भारतीय जीवन दृष्टि की रक्षा की। साहित्यकार डॉ सुनील कुमार सारस्वत ने कहा कि मुंशी प्रेमचन्द अध्यापक, लेखक तथा कहानीकार, पत्रकार थे।उन्होंने हिन्दी समाचार पत्र जागरण तथा साहित्यिक पत्रिका हंस का सम्पादन और प्रकाशन भी किया, इसके लिये उन्होंने सरस्वती प्रेस खरीदा जो बाद में घाटे पर रहा और बन्द करना पड़ा। मुंशी प्रेमचंद फिल्मी दुनिया में पटकथा लेखन के लिये मुम्बई में भी रहे। प्रोफेसर बलराम सिंह ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मुंशी प्रेमचंद स्वयं आजीवन जमीन से जुड़े रहे और अपने पात्रों का चयन भी हमेशा परिवेश के अनुसार ही किया। कवि अवधेश शुक्ला ने कहा उनके द्वारा रचित पात्र होरी किसानों का प्रतिनिधि चरित्र बन गया। रमाशंकर मिश्र ने चर्चा करते हुए बताया कि 31 जुलाई 1880 को जन्मे प्रेमचंद एक महान लेखक होने के साथ–साथ आम जनता के लेखक भी हैं। उनका असली नाम धनपत राय था, लेकिन साहित्य में उनकी ख्याति ने उन्हें प्रेमचंद बना दिया। व्यंगकार अरुणेश मिश्र ने उन्हें भारतीय साहित्य का ध्रुव तारा बताया कि वहीं वरिष्ठ साहित्यकार चन्द्रेश शुक्ल चंद्रेश ने बताया कि प्रेमचंद हमारे समाज के सजग प्रहरी थे। उनको याद करके हम उनके विचारों से सीख सकते हैं और समाज को दिशा दे सकते हैं। अपने तारस्थ संदेश में हिंदी सभा के संरक्षक रमारमन त्रिवेदी ने कहा कि उनका पूरा जीवन देश के गरीबों, शोषितों, पीडिघ्तों, दलितों और महिलाओं की वकालत करते हुए साहित्य सृजन में बीता, उन्होंने तीन सौ तेरह कहानियां, चौदह उपन्यास और चार नाटक लिकर हिंदी और उर्दू साहित्य के क्षेत्र में असीम सफलता हासिल की। जनता के बीच जाकर उनकी वास्तविकता को जान कर साहित्य की रचना की। कार्यक्रम का संचालन हिन्दी सभा के महामंत्री रजनीश मिश्र ने किया। कार्यक्रम में विनोदिनी रस्तोगी, अरुणेश मिश्र, उदय प्रताप त्रिवेदी, डॉ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, अवधेश शुक्ल, राजलखन वर्मा, रमाशंकर मिश्र, कमलेश पांडेय, डॉ सुनील कुमार सारस्वत, कार्तिकेय शुक्ला, झनकार नाथ शुक्ला, चन्द्रेश शुक्ला चन्द्रेश, रविकांत त्रिवेदी, भगवती गुप्ता, लक्ष्मी वर्मा, तुषार मिश्र आदि शामिल रहे।

## दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सुनील भराला जनपद प्रवास पर

हरदोई।उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री सुनील भराला आज जनपद प्रवास पर पहुंचे। श्रम विभाग के कार्यक्रमों के अतिरिक्त सुनील भराला लोक निर्माण विभाग के डाक बंगले में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मिले। मौजूद पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा करते हुए उन्होंने श्रम विभाग की विभिन्न कल्याण योजनाओं को श्रमिकों मजदूरों तक पहुंचा कर उनको लाभ दिलाने का आह्वान किया। इसके साथ ही उन्होंने आगामी विधानसभा चुनावों में पार्टी के बेहतर प्रदर्शन पर भी चर्चा की। इस मौके पर डाक बंगले में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव रंजन मिश्र, जिला महामंत्री अनुराग मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, नीरज तिवारी, कार्तिकेय तिवारी, मुजफ्फर आदि कार्यकर्ताओं सहित श्रम विभाग के अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## यूथ ब्रिगेड द्वारा हरदोई नगर में बढ़ते आवारा पशुओं के संबंध में दिया ज्ञापन

हरदोई।मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड द्वारा हरदोई नगर में बढ़ते आवारा पशुओं के संबंध में आज जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया गया, जिसमें कहा गया कि नगर हरदोई में आवारा घुमंतू जानवरों की संख्या काफी बढ़ गयी है जिससे आये दिन नगर वासियों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा आवारा पशुओं की रोकथाम के लिए कोई कार्य नही किया जा रहा है। जिससे आवारा पशुओं की संख्या शहर में बहुत ज्यादा बढ़ गयी है जो कि नगर की सड़कों मोहल्लों में घूमते रहते हैं और नगरवासियों पर हमला भी कर देते हैं जिसकी वजह से आये दिन दुर्घनाएं हो रही हैं और नगरवासियों को चोटिल भी होना पड़ रहा है।भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना घटित न होने पाए इसलिए नगरपालिका या संबंधित विभाग को निर्देशित कर आवारा जानवरों को पकड़वाने का कष्ट करें। इस मौके पर यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष नीरज अवस्थी, विशेष आमंत्रित सदस्य यूथ ब्रिग्रेड परिवेश श्रीवास्तव कुक्कू ,प्रदीप राजवंशी, हीरा लाल वर्मा , आकाश सिंह ककवाही, गिरजा शंकर,रजत अवस्थी,रामसरन कुशवाहा आदि लोग उपस्थित रहे।

## रास्ते पर जबरन दीवार बनाये जाने को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया प्रार्थना पत्र

सिधौली (सीतापुर)। आम रास्ता पर जबरन अवैध कब्जा कर दीवार बनाऐ जाने को लेकर दर्जनों ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देते हुऐ जांचकरा कर रास्ता खुलवाने की मांग की है। कोतवाली इलाके के बीबीपुर गांव निवासी ग्रामीण संजय रावत, मैकूलाल, तेज प्रकाश, मोहम्मद हलीम, इमरान, असलम, राम जीवन, मिश्रीलाल, सुसील, दिनेश, नन्दलाल, बिजय, शाहिद अली, पंकज, मूलचन्द सहित दर्जनों ग्रामीणों ने . उपजिलाधिकारी सन्तोष कुमार राय को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि ग्राम में आम रास्ता जो सरजू के घर से गजोधर के घर तक जाता है। जो लगभग 15 से 20 फुट तक चौड़ा आम रास्ता है। जिसमें एक तरफ खंडजा लगा हुआ है एवं रास्ते के बीच में पूर्व में अस्थाई नाली बनाई गई थी। नाली के उत्तर में पड़े आम रास्ते में गांव के हिबउले व रमेश अवैध जबरिया खोदकर दीवार बनाने लगे। जब ग्रामवासियों ने दीवार मनाने से मना किया तो सभी को गन्दी गन्दी मां बहन की गालिया देने लगे। जब हम सब ने गांव के प्रधान को मौके पर बुलाया तो उनके कहने पर भी नहीं माने। 112 पुलिस मौके पर पहुँची तो पुलिस ने दीवाल बनाने से रोकवा दिया। पुलिस के वापस जाते ही फि र से दीवाल बनाने लगे और एलानिया धमकी दी कि दिन रात में दीवाल खड़ी कर देंगे। अब जो बिरोध या फिर कार्यवाई करेगा। उसके खिलाफ बाहर से सुपारी किलर बुलाकर सुपारी सभी को जान से मरवा दूंगा। विपक्षी काफी दबंग सर्कस गुन्डा माफिया ब्यक्ति है। जैसा कहता है वैसा करने में सक्षम हैं। प्रार्थीगण काफ ी भयभीत है आम रास्ते से दीवाल हटवाकर आम रास्ता खुलवाऐ जाने व हम सभी की जान माल की सुरक्षा कराए जाने की मांग की है।

## एक दिवसीय दौरे पर आई राज्यमंत्री ने सीएचसी खैराबाद का किया निरीक्षण

सीतापुर। जनपद के एक दिवसीय दौरे पर आयी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, महिला कल्याण स्वाती सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैराबाद का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिल्ड्रेन वार्ड, वैक्सीनेशन कक्ष, कोल्ड चौन कक्ष, आक्सीजन प्लांट, आक्सीजन पाईप लाइन आदि का निरीक्षण किया। आक्सीजन प्लांट के निरीक्षण के दौरान जनपद के अन्य स्थलों पर निर्माणाधीन आक्सीजन प्लांटों के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी भी जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज से ली। उन्होंने कहा कि कोविड.19 टीकाकरण का व्यापक प्रचार.प्रसार सुनिश्चित कर अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित किया जाये तथा लोगों को जागरूक भी किया जाये। टीकाकरण हेतु आयी हुयी महिलाओं से वार्ता भी की। उन्होंने निर्देश दिये कि कोरोना वायरस कोविड.19 की तीसरी लहर की चेतावनी के दृष्टिगत आवश्यक प्रबंध समय से पूर्ण कर लिये जाये। उन्होंने कहा कि बच्चों के इलाज के लिये बेहतर प्रबंध के साथ.साथ उनके तीमारदारों के ठहरने के लिये भी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित कर लिये जायें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि क्षेत्र की जनता को उत्कृष्ट चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं समय से उपलब्ध कराने के लिये आवश्यक प्रबंध भी सुनिश्चित किये जायें तथा दवाईयों इत्यादि की भी पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाये।

# महामहिम के प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत समस्त तैयारियां समय से पूर्ण कर लें: डीएम

हरदोई। महामहिम राज्यपाल जी के 05 अगस्त 2021 को प्रस्तावित जनपद भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी अविनाश कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार एवं अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने ब्लाक बावन के डा राम मनोहर लोहिया स्नाकोत्तर महाविद्यालय अल्लीपुर में संचालित वृद्वाश्रम एवं ब्लाक टड़ियावां के सर्वोदय आश्रम आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। डा राम मनोहर लोहिया स्नाकोत्तर महाविद्यालय में महामहिम जी के वृद्वों के सम्बन्ध में होने वाले कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने विद्यालय के संस्थापकध्प्रबन्धक डा सुशील चंद त्रिवेदी से जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि महामहिम जी कार्यक्रम में समिति लोगों को ही आमंत्रित किया जाये और कार्यक्रम के दौरान कोरोना प्रोटोकाल का शतप्रतिशत पालन करायें तथा खराब मार्ग आदि की समय से मरम्मत कराना सुनिश्चित करें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने ब्लाक टड़ियावां के सर्वोदय आश्रम में प्रस्तावित महामहिम जी के कार्यक्रमों के सम्बन्ध में आश्रम की प्राचार्य उर्मिला श्रीवास्तव से जानकारी ली तथा निर्देश दिये कि कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार कर उसी के अनुसार महामहिम जी द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कराये और महामहिम की सभा में 30 से अधिक लोगों को आमंत्रित न करें तथा कार्यक्रम के दौरान कोरोना प्रोटोकाल के तहत लोगों की बैठने की व्यवस्था करायें। सर्वोदय आश्रम में पेड़ों की टहनियों एवं झाड़ियों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी सदर दीक्षा जैन को निर्देश दिये कि संबंधित बीडीओ के माध्यम से आश्रम की झाड़ियों के साथ सड़क के दोनों तरफ सफाई की विशेष व्यवस्था करायें। निरीक्षण के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रत्यूष पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, सीओ हरियावां सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# लव मैरेज में हुई शादी पत्नी ने लगाई फांसी, पति का भी पेड़ से लटकता मिला शव

मिश्रिख (सीतापुर)। कोतवाली मिश्रित के ग्राम बदौंवा निवासी वीरपाल पुत्र बंसी की शादी 5 माह पहले थाना पिसावा के ग्राम पिपरी से तय हुई थी। जिसका 28 जून को तिलक व 30.जून को शादी होनी थी। परंतु इससे पहले लड़की ने लड़के को फोन करके अपने गांव बुलाया। लड़का गुजरात में काम करता था काम छोड़कर लड़की से मिलने आया। जब लड़का गांव के बाहर लड़की से मिलने गया तो लड़की ने कहा कि हम यहां नहीं रुकेंगे। तुम्हारे साथ ही रुकेंगे इस पर लड़के ने कहा कि कुछ दिन की बात है शादी होने के बाद साथ ही रहेंगे परंतु लड़की यह बात न मानकर लड़के के साथ घर चली गई। जहां पर लड़के के पिता और मा ने 16 जून को रिश्तेदारों को बुलाकर अपने ही घर में बिना दान दहेज के शादी कर दी। पति पत्नी खुश रहने लगे 2 दिन से लड़की कुछ अन बन सी रह रही थी। सास के द्वारा पूछा गया कि क्या कोई बात है परंतु लड़की ने कुछ नहीं बताया कल सुबह करीब 9 बजे ससुर और पति खेत पर धान लगाने गए थे। सास शौंच के लिए बाहर गई थी। इसी बीच करीब 9 बजे लड़की ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सास ने वापस आकर देखा तो पैरो तले जमीन खिसक गई। लड़की फंदे से लटकती मिली जिसकी सूचना ससुर और पति को दी गई। पति ने लड़की पक्ष को सूचित किया। लड़की पक्ष वाले आए और परिवारीजनों को गाली देने लगे। सास को मारा पीटा लड़के को जान से मारने की धमकी दी। इस धमकी से लड़का डर गया। वह घर के बाहर चला गया जब शव पीएम हेतु चला गया। उसके बाद पता किया गया तो लड़का गायब मिला। जिसकी खोजबीन की गई रात 2 बजे तक खोजबीन करने के बाद लड़के का कुछ पता नहीं चला। पुनरू सुबह जब खोजबीन शुरू की गई तो 6 बजे लड़के की शव एक बाग में पेड़ से लटकता मिला। जिस पर माता. पिता व ग्रामवासियों ने हत्या की आशंका ब्यक्त की है। लड़के के शरीर पर काफी चोटों के निशान प्रतीत हो रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की बात कही है।

## अज्ञात चोरों ने नकाब लगाकर किराना व्यवसाई की दुकान से पार किया हजारों का माल

हरदोई।कस्बे से सटे भगवंतपुर गाँव में एक किराना व्यवसाई की गोदाम में नकब लगाकर चोरों ने हजारों का माल पार कर दिया, जानकारी होने पर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया गया। पाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत लौकहा गांव निवासी जागेश्वर पाली नगर के एक प्रतिष्ठित किराना व्यवसाई हैं, जिनकी भगवंतपुर गांव में स्थित गोदाम में बीती रात अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर करीब 80,000 का माल चोरी कर रफूचक्कर हो गए। पीड़ित व्यवसाई के मुताबिक, बीड़ी के बोरे, धारा तेल,अगरबत्ती के गत्ते, डालडा घी समेत और अन्य चीजें पार कर दी।जानकारी होने के बाद किराना व्यवसाई जागेश्वर द्वारा पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध एक प्रार्थना पत्र दिया गया है। इस संबंध में जब थाना अध्यक्ष बेनी माधव त्रिपाठी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि व्यापारी द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है पुलिस तहकीकात कर रही है।

# आक्सीजन प्लांट बन जाने से क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध मिलेगीं: प्रभाष कुमार

हरदोई।सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहिरोरी में नव निर्मित आक्सीजन प्लांट तथा नव निर्मित आयुष्मान वार्ड का उद्घाटन साण्डी विधायक प्रभाष कुमार ने पूजा अर्चना के बाद जिलाधिकारी अविनाश कुमार के साथ शिलापट की डोरी खींच कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक ने उपस्थित लोगों से कहा कि कोरोना की तीसरी लहर को ध्यान में रखते हुए एवं भारत सरकार के निर्देश पर विधायक निधि से इस आक्सीजन प्लांट का निर्माण कराया गया है और अगर कोरोना की तीसरी लहर आती है तो यह आक्सीजन प्लांट क्षेत्र की जनता को आक्सीजन उपलब्ध कराने में सहायक होगा तथा सरकार के निर्देश पर सीएचसी के माध्यम से क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध कराई जा रहीं है। इस अवसर पर जिलाधिकारी कहा कि विधायक जी की प्रेरणा से इस आक्सीजन प्लांट का निर्माण रू– 43 लाख 38 हजार की लागत से कराया गया है और आक्सीजन प्लांट की क्षमता 167 लीटर प्रति मिनट आक्सीजन बनाने की हैं और आक्सीजन प्लांट के निर्माण हो जाने से क्षेत्र की जनता को आक्सीजन के लिए जनपद मुख्यालय नहीं आना पड़ेगा और मरीजों का समस्त सुविधायें सीएचसी पर ही उपलब्ध होगी। इसके उपरान्त विधायक को जिलाधिकारी ने सीएचसी वार्डो का निरीक्षण कराते हुए बताया कि आक्सीजन प्लांट से 30 बेडों पर आक्सीजन की सप्लाई की जायेगी। आक्सीजन प्लांट उद्घाटन अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डा सूर्यमणि त्रिपाठी ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रत्यूष पाण्डेय, उप जिलाधिकारी सदर दीक्षा जैन, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, एमओआईसी डा मनोज कुमार सिंह, सहायक अभियंता डीआरडीए राजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर, जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं0– UPHIN/2012/49458
संस्थापक:– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादक:– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपर:– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com

# महेश बाबू ने छोड़ दी नितेश तिवारी की फिल्म रामायण ?



पिछले काफी समय से यह चर्चा थी कि निर्देशक नितेश तिवारी अपने ड्रीम प्रोजेक्ट रामायण में साउथ के सुपरस्टार महेश बाबू को साइन करने वाले हैं। वह फिल्म में भगवान राम की भूमिका के लिए निर्देशक की पहली पसंद थे, लेकिन अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक अभिनेता के फैंस का दिल टूट जाएगा। दरअसल, महेश बाबू ने इस फिल्म का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया है। इसके पीछे क्या कारण है, आइए जनाते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक महेश बाबू ने राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नितेश तिवारी की फिल्म रामायण से किनारा कर लिया है। दरअसल, उन्होंने निर्देशक एस. एस राजामौली की एक एक्शन फिल्म साइन कर ली है। कहा जा रहा है कि वह इस फिल्म के लिए रामायण से पहले ही हां कर चुके थे। राजमौली की फिल्म और रामायण दोनों की ही शूटिंग 2022 के सेकेंड हाफ में होनी थी। लिहाजा महेश बाबू ने रामायण से हाथ पीछे खींच लिए।

रामायण को 3डी फॉर्मेट में रिलीज किया जाएगा। इसे काफी बड़े स्तर पर बनाए जाने की योजना है। फिल्म में भगवान राम की भूमिका के लिए महेश बाबू का नाम लगभग फाइनल था। इसके लिए निर्माता–निर्देशक साउथ के किसी बड़े स्टार को साइन करना चाहते थे। फिल्म के लिए महेश बाबू से संपर्क किया गया था। उन्होंने इसका हिस्सा बनने के लिए रजामंदी भी दे दी थी, लेकिन अब वह इससे बाहर हो गए हैं।

राजमौली की फिल्म में एक्शन से लेकर रोमांच, ड्रामा सबकुछ देखने को मिलेगा। अफ्रीका के जंगलों में इसकी कहानी बुनी गई है। राजमौली के पिता और दिग्गज लेखक केवी विजयेंद्र प्रसाद ने इस फिल्म की कहानी लिखी है। फिल्म का नाम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन यह एक ऐसे विषय पर है, जिस पर भारतीय सिनेमा में इससे पहले कभी कोई फिल्म देखने को नहीं मिली। फिल्म में वीएफएक्स पर भी अच्छा–खासा पैसा लगाया जा रहा है।

भारत एने नेनु और महर्षि फेम महेश बाबू इन दिनों अपनी फिल्म सरकारू वारी पाटा की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म की शूटिंग का एक शेड्यूल हाल ही में दुबई में खत्म हुआ है। वह बायोग्राफिकल एक्शन फिल्म मेजर को लेकर भी सुर्खियों में हैं। इस फिल्म से वह बतौर निर्माता जुड़े हैं। अदिवी शेष इसमें मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म 2008 में हुए मुंबई हमले में शहीद मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के जीवन पर आधारित है।

## फराह खान के निर्देशन में म्यूजिक वीडियो बनने से निधि अग्रवाल का सपना साकार

अभिनेत्री निधि अग्रवाल जल्द ही अभिनेता सोनू सूद के साथ फराह खान द्वारा निर्देशित एक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। इस प्रसिद्ध कोरियोग्राफर–निर्देशक के साथ काम करने का मौका



मिलने से अभिनेत्री रोमांचित हैं। गाने की शूटिंग पंजाब में हो रही है और इसमें सोनू एक किसान से पुलिस वाला बनने का किरदार निभाते नजर आएंगे।

अपने उत्साह को साझा करते हुए निधि ने बताया, मैंने फराह मैम और सोनू सर के साथ गाने की शूटिंग में बहुत अच्छा समय बिताया। किसी भी अभिनेता के लिए फराह खान द्वारा कोरियोग्राफ करना हमेशा एक सपना होता है, लेकिन मैं तब से डबल ट्रीट में थी। वह इसे निर्देशित भी कर रही थीं।

निधि के लिए, फराह द्वारा निर्देशित किया जाना भी बहुत खास है क्योंकि यह बाद की निर्देशित ओम शांति ओम थी, जिसने अभिनय की दिशा में आईशंकरस्मार्ट अभिनेत्री को आगे बढ़ाया।

निधि कहती हैं, इसकी शूटिंग के दौरान मुझे बहुत अच्छा लगा, क्योंकि मैंने ओम शांति ओम देखी थी और मुझे पता था कि मैं एक अभिनेत्री बनना चाहती हूं! मैं इसे देखने के लिए आप सभी का इंतजार नहीं कर सकती।

फिल्म की बात करें तो, निधि पवन कल्याण की अगली हरि हर वीरा मल्ली और उदयनिधि स्टालिन की अगली फिल्म में दिखाई देंगी।




## कपड़े धोते समय हर किसी के सामने आती हैं ये समस्याएं, जानिए छुटकारा पाने का तरीका



कपड़े धोना एक सामान्य काम है, लेकिन कपड़े धोते समय लगभग हर किसी को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। जैस कभी नए कपड़े का रंग निकल जाता है तो कभी एक कपड़े का रंग दूसरे पर चढ़ जाता है आदि। हो सकता है कि आपके साथ भी कभी न कभी ऐसा हुआ हो। इसलिए आज हम आपको कपड़े धोने से जुड़ी ऐसी ही कुछ सामान्य समस्याओं और उन्हें दूर करने के तरीके बताने जा रहे हैं।

कपड़ों का सिकुडना: अगर आपको मशीन में किसी कपड़े को धोने के बाद उसका साइज कम नजर आता है तो समझ जाइए कि वो कपड़ा सिकुड़ गया है। ऐसा बहुत अधिक गर्म पानी में कपड़े को धोने या फिर कपड़े को अधिक ड्रायर के कारण होता है। इसलिए आप किसी भी कपड़े को धोते समय गर्म पानी और अधिक ड्रायर का इस्तेमाल न करें। बेहतर होगा कि आप किसी भी नए कपड़े को धोने से पहले उस पर लगे लेबल को पढ़ लें।

कपड़ों से रंग का निकलना: कई बार ऐसा होता है कि कपड़ों को मशीन में धोते समय उसमें से रंग निकल जाता है और अन्य कपड़ों पर भी लग जाता है। आमतौर पर यह समस्या अधिकतर नए कपड़ों के साथ देखी जाती है। इसलिए यह सलाह दी जाती है कि जब भी आप किसी नए कपड़े को पहली बार धोएं तो उसे सीधे मशीन में धोने की बजाय अलग से हाथों से धोएं। वहीं, कपड़ों को धोते समय उस पर लगे लेबल को जरूर पढ़ें।

धोते समय कपड़ों पर दाग लगना: कई बार ऐसा भी होता है कि कपड़ों को धोते समय उन पर दाग लग जाते हैं और इसका कारण है कपड़ों की जेब में कुछ न कुछ होना। इसलिए बेहतर होगा कि जब भी आप कपड़ों को मशीन में डालने लगे तो उससे पहले जेब को अच्छी तरह चेक करें। अगर संभव हो तो कपड़ों को उल्टा करके धोएं। ऐसा करने से कपड़ों को धोते समय उन पर किसी तरह का दाग नहीं लगेगा। कपड़ों का फेड होना: आमतौर पर गलत तरीके से कपड़ों को सुखाने के कारण उनका रंग फेड हो जाता है। दरअसल, कई लोग नमी और बैक्टीरिया से छुटकारा पाने के लिए आमतौर पर कपड़ों को तेज धूप में सुखा देते हैं, लेकिन सीधे सूर्य की रोशनी के संपर्क में आने से कपड़ों का रंग फेड हो जाता है। इसलिए बेहतर होगा कि आप अपने धोए हुए कपड़ों को हल्की धूप या फिर हवा में कुछ समय के लिए ही सुखाएं।

## स्वरा भास्कर ने किया अपनी नई फिल्म का ऐलान



अभिनेत्री स्वरा भास्कर अब तक कई सफल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। अपने अभिनय से वह दर्शकों का दिल जीतने में कामयाब रही हैं। अब स्वरा ने अपनी नई फिल्म मिमांसा की घोषणा कर दी है। खास बात यह है कि वह इस फिल्म में जांच अधिकारी की भूमिका निभाने जा रही हैं। स्वरा ने बताया कि यह फिल्म उनके लिए बेहद खास है। स्वरा ने मिमांसा नामक एक मर्डर मिस्ट्री में दिखाई देंगी, जिसमें अभिनेता बिजेंद्र काला भी प्रमुख भूमिका में हैं। फिल्म में स्वरा एक जांच अधिकारी की भूमिका निभाती दिखेंगी।इसकी शूटिंग भोपाल में हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्वरा ने कहा कि फिल्म की शूटिंग का अनुभव उनके लिए नया था। फिल्म की शूटिंग के दौरान के दौरान वह अपने कैरेक्टर में डूब गई थीं और उन्हें उम्मीद है कि फिल्म देखते वक्त दर्शक भी इस फिल्म में डूब जाएंगे। स्वरा ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए बेहद खास है, क्योंकि लॉकडाउन खत्म होने के बाद यह पहली ऐसी फिल्म है, जिसकी मैंने शूटिंग की। इससे मुझे अपने काम के प्रति कृतज्ञता की भावना बरकरार रखने में मदद मिली। उन्होंने कहा, इस बारे में ज्यादा कुछ बोले बगैर मैं बस यह कहने जा रही हूं कि फिल्म आपको एक रहस्यमय यात्रा पर ले जाएगी। यह एक शानदार मर्डर मिस्ट्री है। इसे देख आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे। इस फिल्म का निर्देशन गगन पुरी ने किया है। यह मोफी और केपी प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही है। पुरी ने इस पर बात करते हुए कहा, हमने फिल्म में सस्पेंस को बनाए रखने की हरमुमकिन कोशिश की है। स्वरा भास्कर और बिजेंद्र जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की मौजूदगी ने हमारी इस फिल्म में चार चांद लगा दिए हैं। फिलहाल फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। यह इस साल के अंत में रिलीज हो सकती है। स्वरा जल्द ही शॉर्ट फिल्म शीर कोरमा में नजर आएंगी। इसमें शबाना आजमी और दिव्या दत्ता भी अहम भूमिका निभा रही हैं। फिल्म के निर्देशक फराज आरिफ अंसारी ने किया है। मारिज्के डिसूजा इस फिल्म के निर्माता हैं। इसकी कहानी दो ऐसी महिलाओं के इर्द–गिर्द घूमती है, जो एक–दूसरे के प्यार में गिरफ्तार हैं। बता दें कि 34वें कनेक्टिकट एलजीबीटी फिल्म फेस्टिवल में शीर कोरमा ने सर्वश्रेष्ठ शॉर्ट फिल्म ऑडियंस अवॉर्ड जीता है।

## प्रभास की फिल्म राधे श्याम अगले साल 14 जनवरी को होगी रिलीज

दक्षिण भारतीय फिल्मों के अभिनेता प्रभास ने शुक्रवार को



बताया कि उनकी फिल्म 'राधे श्याम' अगले साल 14 जनवरी को मकर संक्रांति और पोंगल के अवसर पर रिलीज होगी। 'रोमांटिक–ड्रामा' इस फिल्म में उनके साथ अभिनेत्री पूजा हेगड़े भी नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन राधाकृष्ण कुमार ने किया है।

प्रभास ने सोशल मीडिया पर फिल्म का एक पोस्टर साझा करते हुए लिखा, '' मेरी प्रेम कहानी आप सबको दिखाने के लिए उत्साहित हूं, 'राधे श्याम' अब नई तारीख 14 जनवरी 2022 को रिलीज होगी।'' फिल्म पहले इस साल 30 जुलाई को यानी आज सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी।

## इन तरीकों से करें प्रेशर कुकर का इस्तेमाल, सुरक्षित होगा खाना बनाना



प्रेशर कुकर की मदद से खाना बनाना जितना आसान है, ठीक उतना ही मुश्किल प्रेशर कुकर का इस्तेमाल करना है क्योंकि अगर आपको इसके इस्तेमाल की सही जानकारी नहीं होगी तो आपको इससे खतरा भी हो सकता है। उदाहरण के लिए, अगर प्रेशर कुकर का ढंग से इस्तेमाल न किया जाए तो इसके फटने की संभावना बढ़ जाती है जिससे आपको भी चोट पहुंच सकती है। चलिए फिर आज प्रेशर कुकर का सही इस्तेमाल करने के तरीके जानते हैं। सबसे पहले प्रेशर कुकर को चेक करें: अगर आप प्रेशर कुकर का इस्तेमाल करने वाले हैं तो इससे पहले अच्छे से चेक कर लें कि इसमें कोई दरार या छेद तो नहीं है। यह भी सुनिश्चित करें कि प्रेशर कुकर की सीटी खराब तो नहीं है। दरअसल, प्रेशर कुकर में खाना पकाने के लिए स्टीम प्रेशर का इस्तेमाल होता है और दरार या छेद के कारण दुर्घटना हो सकती है। इसलिए इसके इस्तेमाल में ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है।

प्रेशर कुकर और व्यंजन के अनुसार डालें पानी

प्रेशर कुकर में व्यंजन बनाने के लिए पानी का इस्तेमाल किया जाता है, इसलिए जब भी आप कोई भी व्यंजन बनाएं तो इसमें प्रेशर कुकर की क्षमता के अनुसार ही पानी डालें। इसके अलावा अलग–अलग खास व्यंजनों को पकाने के लिए आवश्यक पानी की मात्रा अलग–अलग हो सकती है और पानी डालते समय इसका बात की भी ध्यान रखें। कुकर में अधिक पानी न डालें और इसमें भांप बनने के लिए पर्याप्त जगह रहने दें।

खाना पकाने की प्रक्रिया से शुरू करें

व्यंजन के मुताबिक पानी डालने के बाद आपका अगला कदम सीटी को ठीक से लगाना, ढक्कन को सील करना और इसे गैस पर रखना होना चाहिए। सुनिश्चित करें कि आपने प्रेशर कुकर को अच्छी तरह से बंद किया है ताकि इससे कोई दुर्घटना न हो। इसके अलावा खाना बनाते समय प्रेशर कुकर की सीटी को न छुएं क्योंकि इससे खाना बनने में काफी समय लग सकता है।

ढक्कन तुरंत न खोलें

अगर आपने प्रेशर कुकर में कोई व्यंजन बनाया है तो इसके बनने के तुरंत बाद कुकर का ढक्कन न खोलें क्योंकि इसमें बहुत भांप होती है और इससे आप जल सकते हैं। बेहतर होगा कि आप पहले प्रेशर कुकर की भांप को निकालें। इसके लिए एक करछी का इस्तेमाल करके सीटी को थोड़ा उठाएं। इससे भांप बाहर निकल जाएगी और कुछ देर बाद आप आसानी से ढक्कन खोल सकते हैं।